

- पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




- पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



- ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार - 13



- पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधु - 14


आज का मौसम $29.0^{0}$ अधिकतम तापमान $18.0^{0}$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.20 सूर्यास्त 06.25

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
▪ लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 350, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत



नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

## पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई

## इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

# ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

## ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

- यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

दुबई, एजेंसी

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

# यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन
- कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

**नई दिल्ली।** विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

- 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

# अगले सप्ताह शनिवार-रविवार को भी होगी संसद की बैठक

- बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण लिया गया निर्णय

**नई दिल्ली।** संसद में इस सप्ताह बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अवकाश होने के कारण अगले सप्ताहांत में शनिवार और रविवार को भी दोनों सदनों की बैठक आयोजित होगी।

लोकसभा में पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने सदस्यों को सूचित किया कि बृहस्पतिवार, 19 मार्च और शुक्रवार 20 मार्च के लिए निर्धारित सदन की बैठकें रद्द कर दी गई हैं। उनके स्थान पर शनिवार 28 मार्च और रविवार 29 मार्च को बैठकें होंगी जिनमें प्रश्नकाल नहीं होगा। बृहस्पतिवार को उगादी उत्सव मनाया जाएगा, वहीं शुक्रवार को ईद-उल-फितर का अवकाश रहेगा। राज्यसभा में इस बाबत घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

# उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

- ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

# होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

- कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

# सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

## कैबिनेट के फैसले

### सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

# देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को



गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।

### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ''लघु जल विद्युत विकास योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

## घरों के सूचीकरण की मॉक ड्रिल कराई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 2027 में वाली जनगणना के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम व द्वितीय बैच को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नई तहसील रोड स्थित स्कॉलर डेन संस्थान में के लिए जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय के निर्देशन में लखनऊ से आए राजेन्द्र कुमार सहायक निदेशक व संस्कृति तिवारी सांख्यिकीय अन्वेषक की मौजूदगी में प्रशिक्षण दिया गया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के आखिरी दिन बुधवार को हिमगिरी कॉलोनी में प्रगणक व पर्यवेक्षक बनाकर ऐप के द्वारा मकानों के सूचीकरण व गणना की मॉक ड्रिल कराई गई। सुपरवाइजरों व प्रगणक ने मकान सूचीकरण, नजरी नक्शा एवं जनगणना का अभ्यास किया। सभी समस्याओं से परिचित हुए। प्रशिक्षण में एसडीएम प्रिंस वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स रवि कुमार, अभिषेक यादव, डॉ सुरेंद्र वर्मा एवं जनगणना सहायक हरिकेश मौजूद रहे।

# सरकारी मेडिकल कॉलेज को जताई एकजुटता

## प्रदेश सरकार के 9 साल पूरे होने पर मुरादाबाद के जन प्रतिनिधियों ने गिनाए विकास कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ के आयोजन का दिखाया गया सीधा प्रसारण
- पात्रों को दिया योजनाओं का लाभ आवास की चाबी तो किसी को मिला चेक व उद्यम के लिए टूल किट

**अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लखनऊ में हुए आयोजन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसे स्थानीय स्तर पर देखा व सुना गया।

पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया। उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबी और उद्यम लगाने के लिए टूल किट और विभिन्न योजनाओं के चेक प्रदान किए गए। अतिथियों ने पंचायत भवन परिसर में लगे सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण योजनाओं की जानकारी भी ली।



पंचायत भवन सभागार में लाभार्थी को मकान की चाबी देते जनप्रतिनिधि।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में जन प्रतिनिधियों ने सरकार के कार्य गिनाएं। साथ ही कहा कि जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए सभी मिलकर हर स्तर पर पैरवी करेंगे। क्योंकि इसका लाभ मंडल की जनता को मिलेगा। कहा कि भाजपा सरकार के नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश अपराधमुक्त, भयमुक्त, गुंडामुक्त व दंगामुक्त हो गया है। योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से मिल रहा है। अगले एक साल में विकास को और गति मिलेगी। आयोजन में जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्य गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### इन्हें मिला योजनाओं का लाभ

एक जनपद एक उत्पाद टूल किट वितरण योजना के अंतर्गत विनोद, फारूक, इस्लाम, अनिल, अफजल और नरेंद्र कुमार को टूल किट वितरित किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ममता, सन्नू बेग, फहीम और नूरजहां को चाबी प्रदान की गई। लखपति दीदी के रूप में लक्ष्मी, नन्हीं और रेनू को प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत राजीव, रमेश कुमार, हृदयेश, प्रेमचंद और कलावती को वृद्धावस्था पेंशन का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत पूजा, कांति और प्रीति को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया साथ ही पीएम सूर्य घर योजना में रीता शर्मा को स्वीकृतिपत्र दिया गया। इस दौरान आयुष्मान योजना के अंतर्गत कलसुम, पूजा सैनी, वीरवती, महेंद्र पाल और वैष्णवी को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए साथ ही करतार सिंह को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रमाण पत्र दिया गया।

## स्टेडियम में निखरेगी प्रतिभा तैयार होगी नई टर्फ पिच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुरानी पिचों का होगा जीर्णोद्धार हरियाणा से मंगाई गई काली मिट्टी से बनेगी प्रैक्टिस पिच

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को अब बेहतर मंच मिलने जा रहा है। स्टेडियम द्वारा क्रिकेट सुविधाओं को उन्नत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्टेडियम में मौजूद दोनों पुरानी पिचों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और उनकी जगह उच्च गुणवत्ता वाली प्रैक्टिस टर्फ पिच तैयार की जाएगी।

उन्होंने बताया कि नई पिच के निर्माण के लिए हरियाणा से करीब 800 स्क्वायर फीट विशेष काली मिट्टी मंगाई गई है, जो पिच की मजबूती और उछाल को बेहतर बनाएगी। इस कार्य पर लगभग एक लाख रुपये का खर्च आने का अनुमान है। नई टर्फ पिच बनने से खिलाड़ियों की तकनीक और प्रदर्शन में सुधार होगा। वर्तमान में क्रिकेट के लगभग 180 खिलाड़ी पंजीकृत हैं, इनमें से करीब 60 खिलाड़ी नियमित अभ्यास के लिए पहुंचते हैं।

नई पिच तैयार होने के बाद इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और वे जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### खिलाड़ियों के लिए पहले बनाई गई थी सीमेंटेड विकेट

कुछ दिन पहले ही स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीमेंटेड विकेट तैयार कराया गया था। इससे खिलाड़ियों को सीमित ओवर के मैचों की प्रैक्टिस करने में मदद मिली।

## यूपी बोर्ड: पहले दिन जांची गईं 23,225 उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चला कार्य, पहले दिन 8.46 प्रतिशत कार्य पूरा
- दो हजार से अधिक उप प्रधान परीक्षक, परीक्षक और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जिले में बुधवार से शुरू हो गया। पहले दिन पांच निर्धारित मूल्यांकन केंद्रों पर 23,225 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, जो कुल प्राप्त कॉपियों का 8.46 प्रतिशत है।

मूल्यांकन कार्य के लिए दो हजार से अधिक उप प्रधान परीक्षक, परीक्षक और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। सभी केंद्रों पर पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रशासन की निगरानी में कार्य संपन्न कराया जा रहा है। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में 2,342, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में 1,323, पारकर इंटर कॉलेज में 5,053, हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में 7,296 और एचएसबी इंटर कॉलेज में 7,211 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

पहले दिन सबसे अधिक कॉपियां हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में जांची गईं। जिले में 2,74,393 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए प्राप्त हुई हैं। इनमें से 23,225 कॉपियों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 2,51,168 उत्तर पुस्तिकाएं अभी शेष हैं।

## वीडियो बनाने के विरोध पर युवती को पीटा

**स्वार, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर पर काम कर रही युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो बनाने का विरोध करने पर कुछ युवतियों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता ने एक नामजद समेत दो तीन अज्ञात युवतियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरापुर निवासी मीना नगर पालिका कॉम्प्लेक्स स्थित दुल्हन ब्यूटी पार्लर में काम करती है। आरोप है कि मंगलवार की दोपहर में एक युवती अपनी दो तीन सहेलियों के साथ पार्लर पर पहुंची और मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। मीना ने इसका विरोध किया तो युवतियां भड़क उठीं और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद पीड़िता कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर दी है।

## दो बाइकों की टक्कर में मजदूर की जान गई

संवाददाता बिलासपुर

- बाजार से सब्जी लेकर घर जा रहा था महमूद

**अमृत विचार :** खजुरिया क्षेत्र के गांव टेहरी ख्वाजा निवासी महमूद हसन मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे।



महमूद हसन।

लोगों ने बताया कि मंगलवार की शाम वह मजदूरी कर गांव अहरो की साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। इस दौरान एक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। महमूद सिर के बल जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाद में घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी पहुंच गई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के भाई अनावरुल हसन, भतीजे जुनैद पाशा और बेटे बबलू पाशा व मुदस्सिर पाशा अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि महमूद अपने घर में पत्नी, दो बेटों और पांच बेटियों के एकमात्र कमाने वाले मुखिया थे। खजुरिया थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि सबको पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। कहा कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुविधा: कई ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- 19 मार्च से लेकर अलग -अलग तिथियों में अलग-अलग ट्रेनों में कोच लगेंगे

**अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने मुरादाबाद मंडल में संचालित कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 13009/13010 (हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 13151/13152 (कोलकाता-जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 13009 (हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस में हावड़ा से 19 मार्च से 5 अप्रैल तक (केवल 28 मार्च को छोड़कर) एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। गाड़ी संख्या 13010 (योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस में 21 मार्च से 7 अप्रैल तक ( केवल 6 अप्रैल को छोड़कर) एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। जबकि गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में 18 मार्च से 31 मार्च तक (केवल 21 मार्च को छोड़कर) एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। वहीं गाड़ी संख्या 13152 (जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस) में 20 मार्च से 2 अप्रैल तक (केवल 23 मार्च को छोड़कर) एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

### नरी सेमरी मेले को छाता में रुकेगी ट्रेन


**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेल प्रशासन ने छाता (मथुरा) में चैत्र मास में लगने वाले नरी सेमरी मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 18477–18478 का अस्थायी ठहराव छाता स्टेशन पर करने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि नरी सेमरी मेले को देखते हुए मंडल में संचालित गाड़ी संख्या 18477 पुरी–योगनगरी–ऋषिकेश एक्सप्रेस का छाता स्टेशन पर 19 मार्च से 27 मार्च तक ठहराव 10 :28 बजे से 10 :29 बजे तक किया जाएगा। जबकि गाड़ी संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश–पुरी एक्सप्रेस का समय छाता स्टेशन पर अस्थायी रुप से ठहराव के लिए 13 :26 से 13 :27 बजे तक करने का निर्णय लिया गया है।



## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**



| इफ्तार गुरुवार | सहरी शुक्रवार |
|---|---|
| सुन्नी: 06.29 | सुन्नी: 04.55 |
| शिया: 06.39 | शिया: 04.51 |

## न्यूज ब्रीफ

### निगम की टीमों ने पकड़े 55 कुत्ते

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्ट्रीट डॉग्स की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण और लोगों को सुरक्षित करने के लिए बुधवार को निगम की टीमों ने अभियान चलाया। टीमों ने लाइनपार, करूला, असालतपुरा, गलशहीद, इन्द्राचौक और कटघर क्षेत्र से कुल 55 स्वान (34 मेल व 21 फीमेल) को पकड़कर निगम के द्वारा संचालित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में पहुंचाया। स्वानों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उनकी नसबंदी की गई। तीन दिन रिकवरी के लिए परिसर में रखा गया है। इसके बाद उन्हें पूर्ण मूल क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा, जिससे पारिस्थितिक संतुलन बना रहे।

### स्वच्छता व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने वार्ड 18 हरथला में रामलीला मैदान के पास 'रोको-टोको अभियान' के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छता व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। समझाया कि बहता हुआ नल केवल पानी की बर्बादी नहीं, बल्कि भविष्य के लिए खतरा है। नागरिकों ने शपथ ली कि वह न केवल स्वयं पानी की बर्बादी रोकेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। इसके अलावा वार्ड 58 मकबरा और वार्ड 57 के गुईयां बाग मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के जागरूक किया गया। दुकानदारों और नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर उन्हें कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कपड़े एवं जूट के थैलों का वितरण भी किया गया। वहीं आरआरआर सेंटर पर विशेष सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।

## धीमरी गांव में कब्जा हटाने के दौरान महापौर के जमीन की बाउंड्री टूटने का मामला

# मंडलायुक्त की कराई पैमाइश में भी प्रशासन के दावे की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बाउंड्री गिराए जाने के बाद प्रशासन का दावा था कि इसमें सरकारी भूमि भी थी

**अमृत विचार :** सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय निर्माण की भूमि पर कब्जा हटवाने के दौरान महापौर के जमीन की बाउंड्री टूटने के मामले में नया मोड़ आने की संभावना है। महापौर ने स्थानीय अधिकारियों से लेकर शासन व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से भी शिकायत कर प्रशासन के कदम पर कड़ा ऐतराज जताया है।

पिछले दिनों धीमरी में कंपोजिट विद्यालय निर्माण को लेकर आवंटित भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई हुई थी। इस दौरान महापौर की भूमि पर बनी बाउंड्री वाल को भी तोड़ दिया गया था। महापौर ने जिलाधिकारी और मंडलायुक्त तक से शिकायत की थी। प्रशासनिक अधिकारियों का दावा था कि भूमि की नाप-जोख कराने के बाद सरकारी भूमि पर किए गए कब्जे को हटाया गया था। वहीं, महापौर का दावा था कि उनकी निजी भूमि पर खड़ी बाउंड्री को भी तोड़ा गया। जबकि सरकारी भूमि से उनका कोई लेना देना नहीं था।

मंडलायुक्त के निर्देश पर डीएम अनुज सिंह ने अगले ही दिन राजस्व टीम को ले जाकर पैमाइश कराई थी। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल भी मौजूद रहे। हालांकि बीच में महापौर ने उप जिलाधिकारी सदर व स्थानीय लेखपालों पर भी अविश्वास जताकर दूसरे जिले की टीम से पैमाइश कराने की मांग रखी थी। लेकिन जिला प्रशासन ने पैमाइश कराकर सत्यापन कार्य जारी रखा। अब पैमाइश पूरी हो गई है और इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो पैमाइश पूरी होने पर कहानी कुछ और ही निकल कर सामने आ रही है।

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में सरकारी भूमि पर बाउंड्री किए जाने की दावे की पुष्टि हो रही है। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि पैमाइश पूरी हो गई है। इसमें क्या निकला के सवाल पर उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि सच्चाई। अब इस रिपोर्ट के आधार पर अगले कदम पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### आखिर कैसे हुआ सरकारी भूमि पर कब्जा

सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री का रुख बेहद सख्त होने के बावजूद सरकारी भूमि पर कब्जा हो जाता है और प्रशासनिक अधिकारी, हल्का लेखपाल सहित अन्य कर्मचारियों को पता भी नहीं चलता। हालांकि, यह मामला महापौर की भूमि पर बनी बाउंड्री वाल गिराए जाने को लेकर चर्चा में आ गया, शहर में कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर बड़े-बड़े निर्माण किए चुके हैं।

# निगम की टीमों ने की बकाएदारों पर कार्रवाई, कई प्रतिष्ठान सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 1,10,57,956 रुपये की टैक्स के बकाए की धनराशि वसूली गई

**अमृत विचार:** वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में हर दिन नगर निगम की टीमें बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई कर रही हैं। गृहकर व जलकर जमा न करने पर बुधवार को भी कई प्रतिष्ठान सील कर दिए गए। टीमों ने 1 करोड़, 10 लाख, 57 हजार 956 रुपये की धनराशि वसूली

बुधवार को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि के नेतृत्व में टीमें टैक्स के बकाएदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंची। मो. अकबर पर 1,54,007.11, रमजानी के 41,640.21, सादिक अहमद पर 57,077.14, बन्ने बेग पर 1,09,197, सलमा नासिर पत्नी नासिर हुसैन पर टैक्स का 1,91,148.13 बकाया होने पर प्रतिष्ठान सील कर दिया। इसी प्रकार आबिद हुसैन, हाजी जीमरूद्दीन फरहत इकबाल, लड्डन खान, स्वामी लाल और निजाम हुसैन के प्रतिष्ठान सील किए गए। मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ व रामपुर रोड में लगभग 16 भवन सील किए। टीमों ने 1,10,57,956.00 रुपये की धनराशि वसूल की। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता व टीम मौजूद रही।

# चैत्र नवरात्र आज से, पालकी पर सवार होकर आएंगी माता रानी

## विक्रम संवत 2083 की शुरुआत, हाथी पर करेंगी प्रस्थान, पहले दिन होगी मां शैलपुत्री की पूजा, घरों व मंदिरों में तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की शुरुआत गुरुवार से होगी। इसके साथ ही विक्रम संवत 2083 की शुरूआत हो जाएगी। पहले दिन घरों व मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। नवरात्र गुरुवार से शुरू होने के चलते देवी मां का आगमन पालकी की सवारी पर प्रस्थान हाथी की सवारी पर होगा।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री नौ देवी काली माता जी मंदिर लालबाग के महंत राम गिरि महाराज ने बताया कि कलश स्थापना का मुहूर्त प्रतिपदा के दिन 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 से 7 बजकर 43 मिनट तक और दोपहर में 12 बजकर 5 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। जो साधक कलश स्थापना कर देवी मां की साधना करते हैं वह दोनों में से किसी एक मुहूर्त में कलश स्थापना कर सकते हैं। महाकाली की पूजा सप्तमी तिथि 25 मार्च को रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन माताजी का विशेष श्रृंगार ओर पूजन होगा। संध्या आरती के समय भक्तों द्वारा भोग अर्पित कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उदया तिथि के अनुसार अष्टमी तिथि 26 मार्च और रामनवमी 27 मार्च को मनाई जाएगी। इस दिन माता का दर्शन और पूजन विशेष फलदायी होता है। शाम को मंदिर खुलने पर माता जी का भोग लगाकर नवरात्र के व्रतों का परायण होता है और उसके बाद शाम से मध्य रात्रि तक मंदिर खुले रहने तक हलवा का प्रसाद वितरित किया जाता है।



मौके • अमृत विचार

### अनुमानित कीमतें (रुपयों में)

- पीतल मूर्ति 150 ग्राम) : 150 से 500
- पीतल मूर्ति (1 से 5 किलो) : 3,000 से 20,000
- बड़ी मूर्तियां (10 से 90 किलो) : 25,000 से दो लाख तक
- पूजा थाल सेट : 150 से 1,000
- माता रानी की चुन्नी : 10 से 400
- सोलह श्रृंगार किट : 100 से 1,500

### नवरात्र को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवरात्र के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। माता रानी के स्वागत की तैयारियों में पीतल की मूर्तियों की मांग भी बढ़ गई है। बाजार में 150 रुपये से लेकर 90 हजार रुपये तक की पीतल मूर्तियां उपलब्ध हैं, जिससे हर वर्ग के श्रद्धालु अपनी क्षमता अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। नवीन नगर, गंज, गुरहट्टी, टॉउन हॉल, बर्तन बाजार, मंडी चौक, पीतल बस्ती, मकबरा और हरथला समेत अन्य प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। मूर्तियों के साथ-साथ पूजा थाल, कलश, घंटी, दीपक और अन्य धार्मिक सामग्री की भी खूब बिक्री हो रही है। इसके अलावा माता रानी के श्रृंगार से जुड़ी वस्तुएं जैसे चुन्नी, सोलह श्रृंगार, मुकुट, कंगन और फूल-मालाएं भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। घरों और मंदिरों में विशेष सजावट के लिए लोग पहले से ही खरीदारी में जुटे हैं। व्यापारी विपुल अग्रवाल ने बताया कि इस बार बाजार में सभी रेंज की मूर्तियां उपलब्ध हैं और ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, व्यापारी अनुज गुप्ता के अनुसार नवरात्र को लेकर हर साल मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार खास उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे कारोबार में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

### श्रृंगार सामग्री की भी बढ़ी मांग

नवरात्र के दौरान माता रानी के श्रृंगार का विशेष महत्व होता है। ऐसे में चुन्नी, बिंदी, सिंदूर, चूड़ी, कंगन, पायल और अन्य सोलह श्रृंगार की वस्तुओं की बिक्री में तेजी आई है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार श्रद्धालु सजावट और पूजा सामग्री पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, जिससे बाजारों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### मां शैलपुत्री को लगता है सफेद फूलों व सफेद मिष्ठान्न का भोग

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि शुरू होंगे। पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। यह दिन स्थिरता, शक्ति, उत्साह और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन सबसे पहले प्रतिपदा को कलश की स्थापना होती है। इस दिन माता को सफेद फूलों व सफेद मिष्ठान्न का भोग लगाया जाता है। इस दिन मूलाधार चक्र जागृत होता है। इस दिन विवाह से जुड़ी समस्याएं माता शैलपुत्री दूर करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पूर्व जन्म में माता शैलपुत्री का नाम सती था तथा यह भगवान शिव की पत्नी थी। सती के पिता दक्ष प्रजापति ने भगवान शिव का अपमान कर दिया था। माता सती ने अपने आप को यज्ञ की अग्नि में भस्म कर दिया था। नवरात्र के पहले दिन माता दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आराधना किया जाता है।

### खुले में नहीं होगी कुट्टू के आटे की बिक्री

चैत्र नवरात्रि में व्रत के दौरान प्रयोग की जाने वाली खाद्य पदार्थों की बिक्री के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क है। बाजार में निगरानी के लिए टीमें चौकन्नी हो गई हैं। विभाग ने दुकानदारों के लिए गाइडलाइन जारी कर उसी अनुसार खाद्य पदार्थों की बिक्री करने की अनुमति दी है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि नवरात्रि को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। मात्र कुट्टू की खड़ी मिगी की ही बिक्री की जाएगी। खुले में कुट्टू के आटे की बिक्री दुकानदार कतई नहीं करेंगे। क्योंकि प्रकाश के संपर्क में आने पर इसमें अफलाटॉक्सिन पैदा होते है जो कि अप्रिय स्थितियों का कारण बनते हैं। फंगस युक्त खराब मूंगफली को भी बेचना व सेवन करने की मनाही कर दी गई है। बताया कि गुणवत्ताविहीन खाद्य पदार्थों की बिक्री पर खाद्य विभाग कार्रवाई करेगा। कहीं भी फूड प्वाइजनिंग की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम निजी चिकिलालयों में भी जाकर सत्यता की जानकारी लेगा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने बताया कि किसी भी आकस्मिकता की सूचना पर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा द्वितीय के मोबाइल नंबर 9454468399 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 38,700 किशोरियों को लगेगी एचपीवी वैक्सीन, पहले दिन 50 का टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में बुधवार को महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। डीएम अनुज सिंह ने शुरुआत करते हुए बताया कि अभियान आगामी तीन माह तक कैंपेन मोड में चलाया जाएगा।

जिले में पहले दिन करीब 50 किशोरियों का टीकाकरण किया गया। डीएम ने लाभार्थी किशोरियों भावना, परिधी, खुशी को यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन पोर्टल से जारी टीकाकरण प्रमाण पत्र वितरित किए। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जिले 38,700 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी लेकिन 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को टीका लगाया जाएगा।



लाभार्थी किशोरी को प्रमाण पत्र देते डीएम अनुज सिंह व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

- सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को तीन माह का विशेष टीकाकरण अभियान शुरू

जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रनवीर सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवाकर इससे बचाव संभव है। अभियान के अंतर्गत किशोरियों को गार्डासिल-4 (6, 11, 16, 18 प्रकार के वायरस से सुरक्षा) की एक खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि पात्र बेटियों को इस टीकाकरण अभियान में अवश्य शामिल कराएं। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, अनिल पाल, लोकेश, संतोष, शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## कोई रूप नहीं बदलेगा सत्ता के सिंहासन का...

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज की ओर से बुद्धि विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में बुधवार रात साहित्यिक कार्यक्रम 'हुंकार- डॉ. हरिओम पवार के गीतों की' आयोजित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अनुराग अग्रवाल, वाई पी गुप्ता, प्रशांत गर्ग, चित्रा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साहित्यकार मयंक शर्मा ने काव्य पाठ किया। इसके बाद अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त डॉ. हरिओम पवार के गीतों का सिलसिला शुरू हुआ। रचना कोई रूप नहीं बदलेगा सत्ता के सिंहासन का,कोई अर्थ नहीं निकलेगा बार-बार निर्वाचन का पर लोगों ने तालियां बजाई। मन तो मेरा भी करता है झूमूं , नाचूं, गाऊं मैं, आजादी की स्वर्ण-जयंती वाले गीत सुनाऊं मैं सहित कई अन्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। अध्यक्षता सुरेश चंद्र अग्रवाल और संयोजन शालिनी भारद्वाज ने की। संचालन डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने किया। इस दौरान अनूप मेहरोत्रा, मनवी कोठीवाल, अनिता गुप्ता, सुषमा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### 1100 दीपों से सजाया मंदिर, मां भगवती को लगाया भोग



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिद्धपीठ नौ देवी श्री काली माता मंदिर लाल बाग महंत रामगिरि महाराज की मौजूदगी में चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर संध्या आरती मंडल के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष ( नवसंवत्सर 2083 ) के उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाया गया। मंदिर को 1100 दीपों से सजाया और मां भगवती को भोग भी लगाया गया। श्री महाकाली जी की महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पंडित अंजनी शुक्ला, संध्या आरती मंडल अध्यक्ष निशांत दक्ष, उपाध्यक्ष नीरज प्रजापति, सूरज प्रजापति, राहुल शर्मा, राजीव भटनागर, शेर सिंह, राहुल प्रजापति, अंकित मोदी, अमन आर्य, केशव सैनी, अभिषेक प्रजापति, मोहित प्रजापति, अंकुर प्रजापति, नीरज कुमार, हर्ष प्रजापति, आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।



### चौपाल में सुनी किसानों की चकबंदी की समस्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चकबंदी आयुक्त के निर्देश के क्रम में बुधवार को चकबंदी संबंधी शिकायतों व कार्यों का फीडबैक प्राप्त कर उसका समाधान करने के लिए चकबंदी अधिकारी जुबैर अहमद चतुर्थ ने ठाकुरद्वारा के गांव काजीपुरा में ग्राम चौपाल लगाया। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि ग्राम काजीपुरा ऐहतमाली तहसील ठाकुरद्वारा में धारा-9 का प्रकाशन हो चुका है। चौपाल में अफताब अली पुत्र नन्हें ने गाटा संख्या 94 का विनिमय अनुपात 100 पैसा निर्धारित करने का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर स्थल निरीक्षण भी किया गया। किसानों से निर्विवाद विरासत के प्रकरणों के सम्बन्ध में चकबंदी अधिकारी ने वार्ता की। सहायक चकबंदी अधिकारी व चकबंदीकर्ता एवं चकबंदी लेखपाल को निर्देश दिया कि मौके पर निर्विवाद प्रकृति के विरासत के प्रकरणों का तत्काल संज्ञान लेकर प्रक्रिया पूरी करें।



### बैठक में दी जीएसटी ट्रिब्यूनल की जानकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में बुधवार शाम हुई। इसकी अध्यक्षता विकास गोयल और संचालन अतुल सक्सेना ने किया। सभा में अधिवक्ता गौरव गुप्ता ने जीएसटी ट्रिब्यूनल की जानकारी दी। बताया कि जिले के जिन व्यापारियों की प्रथम अपील मुरादाबाद में खारिज हो चुकी है तो उन्हें गाज़ियाबाद में स्थित जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील करनी होगी। इसके अतिरिक्त 31 मार्च तक तक पारित होने वाले आदेशों की 30 जून तक ऑनलाइन अपील जीएसटी ट्रिब्यूनल में फाइल की जा सकती है। अपील फीस भी 1000 से लेकर अधिकतम 25,000 तक केस के अनुसार देनी होगी। अधिवक्ता अंकित कुमार, उपदेश चंद्र अग्रवाल, दिनेश चंद्र गुप्ता, अजय कुमार अग्रवाल, सौरभ कपूर, दीपक अग्रवाल, सौरभ कपूर, नीरज भटनागर, आशीष सक्सेना, क्षितिज शर्मा, प्रवीन रावत, आलोक सैनी, हरिशंकर पाल, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### नव संवत्सर के स्वागत में लगाए गए भगवा ध्वज



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से बुधवार को प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के स्वागत के लिए शहर में जगह-जगह भगवा ध्वज लगाए गए। श्याम कृष्ण रस्तोगी के नेतृत्व में पान दरीबा, जीलाल मोहल्ला, अताई मोहल्ला, संभली गेट, मंडी चौक, बर्तन बाजार चौराहा, अमरोहा गेट, कटरानाज में दुकानों पर ध्वज लगाए। लोगों से अपील की गई कि वह नवरात्र के नौ दिन तक दुकानों पर भगवा ध्वज लगाए रखें और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से व व्यक्तिगत रूप से लोगों को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दें। इस मौके पर पंडित विनोद शर्मा, पुजारी महेंद्र पंडित, चंद्रभूषण पांडे, असित रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ईद से पहले बाजार में खरीदारी ने पकड़ा जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर के लिए चौमुखापुल, मंडी चौक, टाउनहॉल, पीर का बाजार, करूला, जामा मस्जिद, तहसील स्कूल के पास समेत शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

शाम होते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। महिलाएं परिवार के साथ खरीदारी के लिए पहुंचकर ईद की तैयारियों में जुटी हैं। बुधवार को लोग कपड़े, जूते-चप्पल, श्रृंगार सामग्री और घरेलू जरूरतों का सामान खरीदते दिखे। रेडीमेड कपड़ों के लिए टाउनहॉल और चौमुखापुल पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। मंडी चौक और बुधबाजार में जूते-चप्पल व अन्य उपयोगी वस्तुओं की दुकानों पर तांता लगा रहा। श्रृंगार सामग्री के लिए गलशहीद के चूड़ी बाजार में महिलाओं की देर शाम तक भीड़ रही। फुटपाथ पर सजी अस्थायी दुकानों पर भी सस्ते कपड़ों और सामान की जमकर बिक्री हुई। अलीगढ़ की सेवइयां, सूतफेनी और किमामी की बिक्री तेज रही, जहां दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

कपड़ा व्यापारी मोहम्मद सिराज बोले हर साल अच्छी बिक्री होती है, लेकिन इस बार भीड़ थोड़ी ज्यादा है। खासकर रेडीमेड कपड़ों की मांग बढ़ी है। वहीं, फुटवियर व्यापारी शहजाद आलम ने बताया कि ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिससे कारोबार में तेजी आई है। बच्चों से बुजुर्गों तक हर तरह की वैरायटी उपलब्ध है।



टाउनहॉल पर ईद की खरीदारी को उमड़ी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

### इबादत में भी जुटे हैं रोजेदार

रोजा रखने वाले लोग जहां एक ओर खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं इबादत का सिलसिला भी जारी है। मस्जिदों में नमाज और तरावीह के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रोजेदार पांच वक्त की नमाज के साथ कुरान पाक की तिलावत में समय बिता रहे हैं।

# जांच के दौरान बवाल मारपीट में कई घायल

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- प्रधान पक्ष ने शिकायतकर्ता के साथ जांच अधिकारियों के सामने की मारपीट

**अमृत विचार:** भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहल में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य की जांच के दौरान बुधवार को उस समय हंगामा हो गया, जब दो पक्षों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसमें कई लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ग्राम निवासी सचिन ने जिलाधिकारी अनुज सिंह से ग्राम प्रधान पर निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर जांच टीम गांव में पहुंची और सबसे पहले पंचायत सचिवालय में बैठकर मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। इसके बाद टीम ने मौके पर जाकर सड़क और नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण शुरू किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि ग्राम प्रधान पक्ष के लोगों ने शिकायतकर्ता और उसके साथियों के साथ मारपीट की, जिसमें एक दिव्यांग व्यक्ति भी घायल हो गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही भोजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना भोजपुर प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल
पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# नियमों की अनदेखी कर बाजार में घुसे प्रतिबंधित वाहन, लगा जाम

## नवरात्र की पूर्व संध्या व ईद की खरीदारी के चलते बाजारों में उमड़े खरीदार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या और ईद के पर्व को लेकर बुधवार शाम ठाकुरद्वारा नगर का बाजार लोगों से भर गया। खरीदारी के लिए उमड़ी भारी भीड़ के चलते शगुन तिराहे पर भीषण जाम की स्थिति बन गई, जिससे आमजन, दुकानदार और ग्राहक सभी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शाम होते-होते बाजार में लोगों की आवाजाही इतनी बढ़ गई कि मुख्य मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। शगुन तिराहे पर हालात इस कदर बिगड़ गए कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। जाम के कारण ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में दिक्कत हुई, वहीं दुकानदारों को भी व्यापार प्रभावित होने की चिंता सताती रही।




ठाकुरद्वारा नगर के शगुन तिराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

● लोपुलिस बोली, नियम न मानने वालों पर होगी कार्रवाई

गौरतलब है कि पुलिस प्रशासन द्वारा बाजार क्षेत्र में बाइक और ई-रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके लिए कोतवाली के पास बैरिकेडिंग भी की गई है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। इसके बावजूद कई ई-रिक्शा चालक और बाइक सवार नियमों की अनदेखी करते हुए बाजार में घुसते रहे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

लोगों का कहना है कि त्योहारों के समय भीड़ बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन को और सख्ती बरतनी चाहिए। पुलिस का कहना है कि बाजार में व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एक ही रात में तीन भैंस चोरी, ग्रामीणों ने एक चोर पकड़ा

**कांठ , अमृत विचार :** कांठ के ग्राम सलेमपुर निवासी सोनू, भाई जसबीर एवं गांव के दिनेश पुत्र विजयपाल सिंह की तीन भैंस 17 मार्च की रात को चोरों ने चुरा ली थी। रात 2 बजे के करीब जब सोनू की रात को आंख खुली और उसने भैंस गायब दिखी तो भाई को आवाज दी। ग्रामीण इकट्ठे होने लगे देखा तो दिनेश की भी एक भैंस गायब मिली। ग्रामीण रामगंगा की ओर से मलकपुर सेमली पहुंचे तो एक आदमी भैंस लेकर जा रहा था व दूसरा उसके आगे था। ग्रामीणों ने दौड़ाकर नन्हें उर्फ इकबाल पुत्र शमीम अहमद ग्राम सलेमपुर को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर ने बताया कि दूसरा सलेमपुर का ही सुहेल था। इन दोनों ने ही तीनों भैंस चुराई थी। ग्रामीणों ने चोर को पड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर पकड़े गए चोर को जेल भेज दिया है और दूसरे की तलाश तेज कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेशपाल सिंह ने बताया कि वह भी इन दोनों चोरों ने ही चोरी किए हैं।

# चैत्र नवरात्र आज से, बढ़ी रौनक



पूजन सामग्री की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज से हो रही है। इसे लेकर बुधवार को नगर और आसपास के क्षेत्रों में देवी मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का कार्य होता रहा। बाजारों में रौनक बढ़ गई।

नगर के प्रमुख मंदिरों श्री रामलीला मंदिर, काली का थान मंदिर, रविदास मंदिर,वाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, शिव मोहिनी मंदिर,वैश्य विश्नोई मंदिर, माहेश्वरी मंदिर आदि मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक आयोजन होंगे। नौ दिनों तक हर रोज हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। मंदिर कमेटियां व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटी हैं। बाजारों में भी उत्साह साफ नजर आ रहा है। चुनरी, माता की तस्वीरें और सजावटी सामग्री से दुकानें सजी हुई हैं। श्रद्धालु पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि कुछ दिनों से खरीदारी में तेजी आई है।

### कलश स्थापना विधि

आचार्य भावेश शर्मा ने कलश स्थापना के बारे में बताते हुए कहा कि नवरात्र के पहले दिन सुबह स्नान करने के बाद घर के उत्तर-पूर्व दिशा में चौकी रखकर उस पर लाल कपड़ा बिछाएं। मिट्टी के पात्र में जौ बोएं। इसके बाद मिट्टी या तांबे के कलश में जल, गंगाजल, सिक्का, सुपारी और हल्दी की गांठ रखकर उसके कंठ पर कलावा बांधें। कलश के ऊपर नारियल स्थापित करें। इसके बाद दीपक जलाकर भगवान गणेश, वरुण देव और मां दुर्गा का ध्यान कर पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की मुहिम शुरू



टीकाकरण के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** बुधवार को सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ बरतरिया, भाजपा मंडल महामंत्री अरविंद चौधरी और डॉ. मंजू रानी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एच पी वी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की।

वैक्सीन महिलाओं में होने वाली सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार है। डॉ. सौरभ ने कहा कि यह वैक्सीन न केवल किशोरियों की जिंदगी बचाएगी, बल्कि पूरे समुदाय को स्वस्थ बनाएगी। अरविंद चौधरी ने अपील की कि अभिभावक अपनी बेटियों को तुरंत सीएचसी या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाएं। उन्होंने बताया कि यह अभियान केंद्र सरकार की ' फिट इंडिया' और ' स्वास्थ्य के लिए हर घर घंटी' जैसी योजनाओं से प्रेरित है। डॉ. मंजू रानी ने कहा कि टीका पूरी तरह सुरक्षित है और इसे 9-15 वर्ष की उम्र में लगवाना सबसे उपयुक्त होता है।

# किशोरियों को लगाया टीका

**कांठ, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 14 वर्ष की किशोरियों का टीकाकरण किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सबसे पहले शीतल चौधरी(14) पुत्री विकास चौधरी ग्राम संदलीपुर को टीका लगाया गया। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि केंद्र पर लगातार नियमित रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के टीके लगाए जाएंगे। इस अवसर पर पहला टीका लगवाने वाली शीतल को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस दौरान बीपीएम चंद्रशेखर यादव, स्टाफ नर्स आयशा, शिवांगी, पुष्पा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार, सीपीएम सैयद यासिर अली समेत अन्य मौजूद रहे।

# गुरु जंभेश्वर के दर्शन कर मांगी मनौती

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** विश्नोई समाज के आस्था के केंद्र लोदीपुर धाम में बहुत ही धूमधाम से 495 वां वार्षिक उत्सव मेले का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर सुख, शांति की कामना की।

श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। समाज के गुरु जंभेश्वर के दर्शन करने के लिए कई हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और चादर व प्रसाद बढ़ाकर मन्नतें मांगी। अध्यक्षता कर रहे संत स्वामी प्रणवानंद महाराज ने मंत्र का उच्चारण कर पाहल वितरण किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि चौधरी भूपेंद्र सिंह निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ने यज्ञ में आहुति देकर चरण पादुका पर मत्था टेका। दीप प्रज्जवलित कर समारोह का आरंभ किया। कहा कि गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए 29 नियमों का पालन करना चाहिए। यजमान के रूप में संभल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, बरेली की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंशिका वर्मा, मेयर विनोद अग्रवाल, जिपं अध्यक्ष मुरादाबाद डॉ. शैफाली सिंह, जयपाल सिंह व्यस्त एमएलसी, संजय बिश्नोई, रविंद्र बिश्नोई, श्री ओम सिंह बिश्नोई, अजय कुमार बिश्नोई अध्यक्ष, संजय कुमार बिश्नोई प्रबंधक, अजीत कुमार बिश्नोई रोहित कुमार बिश्नोई समेत दूरदराज के श्रद्धालु पहुंचे। बच्चों, युवाओं व महिलाओं ने जमकर मेले का लुफ्त उठाया।



आहुति देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार विश्नोई व अंशिका वर्मा।

● लोदीपुर धाम में धूमधाम से मनाया गया 495 वां वार्षिकोत्सव

# एसआईआर कार्य 27 मार्च तक पूरा करें

**कांठ , अमृत विचार:** एसडीएम ने बुधवार को तहसील सभागार में एसआईआर के कार्य में लगे एएआरओ, सुपरवाइजरों की बैठक ली और 27 मार्च तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि एसआईआर के कार्य में जिन लोगों ने अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर दिए हैं और उनकी सुनवाई हो गई है तो उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं और जिन व्यक्तियों ने अभी तक अपने साक्ष्य भूत लेवल अधिकारियों पर्यवेक्षक अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराए हैं उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएं। 27 तक यह कार्य पूरा करना है।

# एजेंसियों पर दिनभर लगी रहीं कतारें

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की कमी ने बुधवार को आमजन की परेशानी बढ़ा दी। गैस की किल्लत की खबर फैलते ही विभिन्न गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। देर शाम तक कई स्थानों पर भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

नगर की प्रमुख गैस एजेंसियों भावना भारत गैस एजेंसी, शफी मेमोरियल इंडेन गैस एजेंसी, रंजीत इंडियन गैस एजेंसी तथा गंज बाजार स्थित एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह के समय हालात सबसे ज्यादा खराब रहे, जहां सिलेंडर लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ा। कई जगहों पर धक्का-मुक्की और कहासुनी की स्थिति भी देखने को मिली।

उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं, खासकर त्योहारों में समस्या और बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।




ठाकुरद्वारा भारत गैस एजेंसी पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

● देर शाम तक कई स्थानों पर भीड़ व अव्यवस्था का माहौल रहा

वहीं, एजेंसी संचालकों ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया कि गैस की आपूर्ति लगभग सामान्य है, लेकिन जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से अपनी गैस बुकिंग नहीं कराई या नई व्यवस्था के तहत आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी नहीं की हैं, उन्हें अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केवाईसी, ऑनलाइन बुकिंग और अन्य नियमों के कारण भी वितरण प्रक्रिया में कुछ बाधाएं आ रही हैं। हालांकि, शाम करीब 4:30 बजे के बाद एजेंसियों पर भीड़ में कमी देखी गई और स्थिति कुछ हद तक सामान्य होती नजर आई। एजेंसी संचालकों का कहना है कि आगामी 25 मार्च के बाद आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। फिलहाल, प्रशासन और एजेंसी संचालकों द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है, वहीं लोगों से धैर्य बनाए रखने और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस बुकिंग करने की अपील की जा रही है।

# डेढ़ माह बीते, डकैती का खुलासा नहीं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी थाना क्षेत्र के गांव तगाला में सब्जी व्यापारी के घर हुई डकैती का डेढ़ माह बीतने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। इससे पीड़ितों में नाराजगी है।

पीड़ित यासीन के अनुसार 10 फरवरी की रात दीवार फांदकर छह नकाबपोश बदमाश हथियारों के साथ घर में घुस आए। परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया। सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित लाखों का सामान लूट ले गए। पीड़ित ने डिलारी थाने में तहरीर दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

# दहेज को किया प्रताड़ित देवर पर रेप का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार:** बिलारी के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मैनाठेर के एक गांव के युवक से हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक हुई थी। विधवा माता व रिश्तेदारों ने 18 लाख रुपये शादी में खर्च किए। इसके बाद भी ससुराली प्रताड़ित करते थे। 15 दिसंबर को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। 22 जनवरी को घर में कोई नहीं था तो देवर राजू ने चाकू दिखाकर उसके साथ बलात्कार किया। उसने जब शिकायत की तो पति, सास ससुर ने पीटा, पति पर भी अप्राकृतिक संबंध का आरोप लगाया। वहीं दहेज में कार और दो लाख की मांग की जा रही। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल-मुरादाबाद
**ई-निविदा सूचना 65/ECTC/MBD/2025-26**
पत्रांक : 298 दिनांक : 17.03.2026
निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
**कार्य का नाम :** जमा मद के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र, वेदव्यासपुरी, मेरठ पर 01 नग 33 के.वी. मलियाना 'बे' के जानपदीय निर्माण कार्य
**ई-निविदा प्रपत्र शुल्क :** रू. 590 | धरोहर राशि : रू. 8,700
**ई-निविदा की अन्तिम तिथि :** 20 अप्रैल 2026, 14:00 बजे
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

## न्यूज डायरी

### गाय का श्रद्धापूर्वक अंतिम संस्कार, लोगों ने दी विदाई

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र निवासी राजेंद्र कश्यप के घर पाली जा रही गाय का निधन हो गया। गाय के निधन के बाद श्रद्धा के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान इस्कॉन (हरे कृष्ण) संतों ने उपस्थित होकर विधिवत अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में कमल सिंह कश्यप, सिद्धार्थ सिंह कश्यप, रवि कश्यप, सोमपाल कश्यप सहित वाल्मीकि समाज के लोग एवं क्षेत्र की कई महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार एवं राजेंद्र कश्यप भीकनपुर ने इस कार्य की सराहना करते हुए गौ सेवा और सम्मान की परंपरा को सराहनीय बताया।

### एकता को गति देता है इफ्तार


**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद की ओर से बुधवार की शाम रोजा-इफ्तार का आयोजन एसपी गुप्ता सभा भवन में किया गया। बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा अपनी बार की गंगा-जामुनी तहजीब का परिचय देते हुए रोजा रखने वाले साथियों का इफ्तार कराया और इसमें खुद भी शिरकत की। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि रोजा-इफ्तार हमारी बार में राष्ट्रीय एकता को गति प्रदान करने वाला आयोजन है। जिसमें सभी मुस्लिम और गैर-मुस्लिम अधिवक्ता एक साथ मिलकर प्रेम और भाईचारे के साथ रोजा इफ्तार करते है इस दौरान जनपद न्यायाधीश (लारा कोर्ट) जैग़मउद्दीन, इमाम-ए- शहर मासूम अली आजाद, नायब इमाम फहद अली, पूर्व सांसद डा. एसटी, हसन, बार एसोसिएशन के महासचिव कपिल गुप्ता, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

### मनरेगा सोशल ऑडिट के लिए 64 अभ्यर्थियों ने दिया साक्षात्कार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के विकास खंड डिलारी के ब्लॉक सभागार में बुधवार को मनरेगा योजनाओं के सोशल ऑडिट के लिए टीम चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किया गया। पंजीकृत 68 अभ्यर्थियों में से 64 ने भाग लिया, जिनमें से 32 का चयन किया जाएगा। चयनितों को न्याय पंचायत स्तर पर चार-चार के समूह में गठित किया जाएगा। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों में संचालित मनरेगा कार्यों का पारदर्शी और प्रभावी सोशल ऑडिट सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही बनी रहे। साक्षात्कार प्रक्रिया जिला स्तर के अधिकारियों की निगरानी में संपन्न हुई। चयन पैनल में जिला विकास अधिकारी जी.बी. पाठक, जिला समन्वयक राखी माथुर, ब्लॉक समन्वयक मसरूफ अली तथा आरएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह शामिल रहे।

### मेहंदीपुर बालाजी से ज्योति लाने श्रद्धालु रवाना

**बिलारी, अमृत विचार :** मेहंदीपुर बालाजी से पावन ज्योति लाने के लिए यात्रा रवाना हुई। श्रद्धालुओं ने सम्मान के साथ लोगों को विदा किया। नगर के मोहल्ला झंडा चौक निवासी महंत रमेश चंद्र भगत सेवादारों संग हर वर्ष राजस्थान के मेहंदीपुर धाम से पैदल ज्योति यात्रा करते चले आ रहे हैं। 18 मार्च को मेहंदीपुर धाम से रमेश चंद्र भगत ने सेवादारों संग ज्योति प्रज्वलित कर 14वीं पैदल ज्योति यात्रा प्रारंभ की। महंत ने बताया कि यात्रा पूरा करने में 10 दिन का समय लगता है ओर 41 दिन तक घर पर जलती ज्योति की पूजा पाठ कर सेवा की जाती है। इसके बाद पोड़ाखेड़ा मंदिर पर सभी भक्तों के सहयोग से बाला जी सेवा समिति द्वारा बाला जी महाराज का जागरण कराया जाता है। इस बार 2 मई को बाला जी महाराज का विशाल जागरण कराया जाएगा। इस दौरान श्रवण गुप्ता, सियो पाल चौधरी, रविंद्र चौधरी, दानवीर चौधरी, हार्दिक चौधरी, शिबा चौधरी, मंजू रानी, भावेश चौधरी, सीमा गुप्ता, अभय गुप्ता, कार्तिक राज अरोरा, मनोज कुमार, नीरज रूहेला,विक्की यादव आदि भक्त ज्योति के दर्शन करने बाला जी धाम पहुंचे पहुंचे। अंत में महंत रमेश चंद्र अपने सेवादारों पिंकू शर्मा, टिंकू वर्मा, राजकुमार कश्यप, शिवा शर्मा के साथ पैदल ज्योति लेकर निकल पड़े।



# गाली-गलौज का विरोध, युवक पर हमला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के बेहड़ावाला वार्ड-7 निवासी मो असीम पुत्र कदीर अहमद मंगलवार देर शाम घर के बाहर टहल रहे थे। पास में कुछ बच्चे आपस में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। मो असीम ने उन्हें ऐसा करने से रोका। आरोप है कि बच्चों के परिजन पहुंच गए और कहासुनी के बाद असीम को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव किया। परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान हैं। जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**
मैंने अपनी पत्नी शमीम जहां, पुत्र आमिर मियां व पुत्री निशरा बी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनका मुझसे कोई वास्ता नहीं होगा। अजीज मियां पुत्र स्व. खुर्शीद मियां निवासी ग्राम खौदलपुर थाना व तहसील बिलासपुर जिला रामपुर। मो. 9528144855

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सम्बन्ध विच्छेद**
मेरे तीन पुत्र व एक पुत्री कु0 उजाला है। मेरी पुत्री गलत चाल- चलन में पड़ गई है। उसके बिना बताए कहीं चले जाने से मेरी व मेरे परिवार की मानहानि होती है। अपनी पुत्री को अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए मैं अपने व परिवार के सदस्यों से संबंध विच्छेद करता हूं। उसके द्वारा किए गए बुरे कर्मों की वह स्वयं उत्तरदाई होगी। नौबहर सिंह पुत्री राम रतन सिंह निवासी- ग्राम अकबरपुर सिहाली,तहसील - कांठ,थाना- छजलैट, जि. मुरादाबाद

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0837991 का मूल प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। पूनम पुत्री मुन्नी लाल निवासी रामपुर बलभद्र ठाकुरद्वारा मुरादाबाद

**सूचना**
गलत व्यवहार तथा आचरण के चलते मैंने अपने पुत्र दिनेश व पुत्रवधू आरती से सभी संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इनसे मेरा तथा मेरे परिवार का अब कोई संबंध नहीं है। उषा पत्नी काशीराम निवासी मोहल्ला बाजार कला शिवबाग मंडी बिलासपुर (रामपुर)

**खोया और पाया**
सेल डीड जो श्रीमती रजिया खातून पत्नी श्री मोहम्मद नाजिम के नाम पर बनी थी, जो रजिस्ट्रार मुरादाबाद के ऑफिस में बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 11423, पेज नंबर 153 से 168, सीरियल नंबर 23981, तारीख 26.12.2014 में रजिस्टर्ड है और एक और सेल डीड जो हाफिज मुफीद आलम पुत्र मोहम्मद आलम के नाम बनी थी, जो रजिस्ट्रार मुरादाबाद के ऑफिस में बुक नंबर-1, वॉल्यूम नंबर-7970, पेज नंबर-249 से 264, सीरियल नंबर-3139, तारीख 04.03.2011 में रजिस्टर्ड है, असल में कहीं खो गई है। अगर किसी व्यक्ति या फाइनेंशियल इंस्टीटयूशन/बैंक को उस प्रॉपर्टी के बारे में कोई दावा या आपत्ति है या पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद ब्रांच को उस प्रॉपर्टी के मॉर्गेज के बारे में कोई आपत्ति या आपत्ति है। तो इस ऐड के छपने के 14 दिनों के अंदर मुझे अपना ऑब्जेक्शन/क्लेम सबमिट करें, नहीं तो अगर बताई गई प्रॉपर्टी की बिक्री और मॉर्गेज के बारे में कोई ऑब्जेक्शन नहीं मिलता है तो कोई भी क्लेम एक्सेप्ट नहीं किया जाएगा और पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद ब्रांच बताई गई प्रॉपर्टी को अपने नाम पर मॉर्गेज रखेगी और लोन लेने वाले के फेवर में लोन रिलीज कर देगी। कपिल चौधरी एडवोकेट लीगल एडवाइजर पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (PFL) मुरादाबाद Mob. 9412322182

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


भारतीय जनता पार्टी रामपुर
के समस्त नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों
को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
जगपाल सिंह यादव
जिला महामंत्री
रविन्द्र रवि जाटव
जिला महामंत्री
अर्जुन रस्तोगी
जिला महामंत्री
हरीश गंगवार
जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी
रामपुर
कुंवर बहादुर लोधी
जिला उपाध्यक्ष
विकास दीक्षित
जिला उपाध्यक्ष
सुनील मौर्य
जिला उपाध्यक्ष
सरदार संतोष खेरा
जिला उपाध्यक्ष
विवेक रोहिला
जिला उपाध्यक्ष
करतार सिंह लोधी
जिला उपाध्यक्ष
श्रीमती पारूल अग्रवाल
जिला उपाध्यक्ष
प्रदीप गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष
दीपक गुप्ता
जिला मंत्री
श्रीमती श्वेता शर्मा
पत्नी अवधेश शर्मा
जिला मंत्री
श्रीमती श्रेया मदान
पत्नी अनिल मदान
जिला मंत्री
श्रीमती गंगादेवी दिवाकर
पत्नी ओमवीर दिवाकर
जिला मंत्री
श्रीमती अमृता रंधावा खन्ना
जिला मंत्री
श्याममल मिर्धा
जिला मंत्री
पवन कुमार
जिला मंत्री
पंकज सैनी
जिला मंत्री
ओमप्रकाश लोधी
कोषाध्यक्ष
सौजन्य सेः– भारतीय जनता पार्टी, रामपुर



**इफ्तार** 19 मार्च
सुन्नी : 06.29
शिया : 06.37

**सहरी** 20 मार्च
सुन्नी : 04.48
शिया : 04.50

**न्यूज ब्रीफ**

### छात्राओं को केरला-2 फिल्म दिखाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं को लव जिहाद से बचने के लिए जागरूक किया गया। छात्राओं को रामपुर के मोदी सिनेमा हॉल में लव जिहाद से जागरूक करने के लिए केरला-2 फिल्म दिखाई। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रिंस गुप्ता द्वारा छात्राओं को लव जिहाद से बचने के बारे में जानकारी दी गई।

### बिजली कटौती से भड़के ग्रामीण

**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मित्तरपुर अहरौला में बिजली आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम प्रधान इंजमाम उल हक ने बिजली विभाग के ठेकेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्धारित शेड्यूल का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक बिजली कटौती का शेड्यूल तय है, लेकिन रोजा इफ्तार के वक्त भी बिजली आपूर्ति बाधित कर देता है। इससे रोजेदारों को दिक्कत होती है। ग्राम प्रधान का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

### हरिद्वार सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**बिलासपुर अमृत विचार :** क्षेत्र के एक व्यक्ति की हरिद्वार उत्तराखंड में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला सिंह कॉलोनी निवासी बलदेव सिंह (72) चालक थे। मंगलवार की रात हरिद्वार उत्तराखंड में हुए सड़क हादसे में बलदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन उपचार के लिए देहरादून स्थित अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

# नवरात्र के लिए श्रद्धालुओं ने खरीदी पूजन सामग्री

**माता की चुनरी, नारियल, श्रृंगार के सामान से सजीं दुकानें, बाजार में तीन हजार से लेकर 25 हजार तक की है पोशाक**



बाजार में नारियल खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



चैद्र नवरात्र पर पूजा का सामान खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र गुरुवार आज से शुरू हो रहे हैं। इसके लिए बाजारों में बुधवार को माता की चुनरी, नारियल, श्रृंगार का सामान और कलश स्थापना के लिए मिट्टी के बर्तनों की खूब बिक्री हुई। बुधवार को शहर के बाजार मिस्टन गंज, चूने वाला फाटक, किला पूर्वी गेट, पुराना गंज, सिविल लाइंस और ज्वालानगर में पूजन सामग्री की तमाम दुकानें सज गई हैं।

इन दुकानों पर मां के श्रृंगार के अतिरिक्त उपवास के लिए भी सामग्री की बिक्री तेज हो गई है। बुधवार को पूजन सामग्री की दुकानों में सुबह से ही भीड़ लगी रही जो देर रात तक रही। शक्ति की उपासना के इस महापर्व के स्वागत के लिए जिले के बाजार सज गए हैं। गुरुवार से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र

- नवरात्र से पूर्व बाजारों में दिखी रौनक, दुकानों पर रही भीड़

के लिए भक्तों ने बुधवार को बाजारों में खूब खरीदारी की। दुकानदारों ने नवरात्र को देखते हुए अपनी दुकानों को सजा दिया है। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी की। नवरात्र को ध्यान में रखते हुए नारियल, सुपारी सहित अन्य पूजन सामग्री मंगवाई गई है। इसके साथ ही चुनरी, माता की तस्वीरें, कलश, अगरबत्ती, धूप, कपूर और अन्य धार्मिक सामग्री भी दुकानों पर सजी हुई है। माता की चुनरी 20 रुपये से 200 रुपये तक और माता की पोशाक 25 रुपये से लेकर तीन हजार रुपये तक है। किला गेट पर नारियल की खरीदारी कर रही ममता ने बताया कि माता रानी की पूजा अर्चना के लिए सामान खरीद रहे हैं नारियल 50 रुपये का दे रहे हैं। बताती है कि बाजार में मूर्तियां 50 से 550 रुपये तक बिक रही हैं जबकि पीतल के दीपक 20 से 450 रुपये तक हैं। लोग अपने घरों में घट स्थापना के लिए मूर्तियां खरीद रहे हैं।

> गुरुवार को शैल पुत्री की पूजा सुबह 7 बजे के बाद होगी। इसके बाद हवन यज्ञ किया जाएगा। रोली, चावल, सिंदूर से पूजा होगी। इससे पहले माता रानी का श्रृंगार किया जाएगा।
> – पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

# राष्ट्र के निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाएं युवा

संवादाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में युवा महोत्सव ''पहल'' का शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता लाना और ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीलम मौर्य ने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम, सुगम गायन में कशिश यादव प्रथम, स्वरचित कविता पाठ में भी कशिश यादव और आशुवाद प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन मिश्र, डॉ. अवतार दीक्षित, दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. संघरतन सिंह, शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. शिवओम शर्मा और डॉ. नीलिमा सिंह ने किया।




महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल को स्मृति चिन्ह सौंपती डॉ. नीलम मौर्य।

# आज चांद दिखा तो कल हो सकती है ईद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ईद का चांद नहीं दिखा तो होगा अलविदा जुमा
- लोगों में दिखा खासा उत्साह शुक्रवार को चांद दिखने की उम्मीद

**अमृत विचारः** गुरुवार आज ईद का चांद नजर आया तब शुक्रवार कल ईद होगी। लेकिन गुरुवार को ईद का चांद नजर नहीं आने पर शुक्रवार कल अलविदा का जुमा होगा। लोग अलविदा जुमे की नमाज अदा करेंगे। शहर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे और शहर की जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद की नमाज होगी। शहर की ईदगाह में शहर काजी सैयद खुशनूद मियां नमाज पढ़ाएंगे।

ईद का चांद नजर आने पर ईद का त्योहार मनाया जाएगा। शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी ने बताया कि 80 प्रतिशत ईद का चांद शुक्रवार को नजर आने की उम्मीद है। बताया कि रमजान का चांद भी 29 तारीख को हुई था और इससे पहले महीने में भी 29 तारीख का चांद नजर आया था। उन्होंने कहा कि इसलिए शुक्रवार को ईद का चांद नजर आने की ज्यादा उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि शिया जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे होगी। सऊदी अरब में ईद का चांद एक दिन पहले नजर आ जाता है। यदि ईद का चांद आज नजर आता है तब गुरुवार को भारत में भी ईद का चांद नजर आ जाए तब शुक्रवार की ईद हो सकती है। ईद की तैयारियां जोरों पर हो रही हैं।



गुरुनानक एकेडमी में पुरस्कृत बच्चों के साथ स्टॉफ। ● अमृत विचार

# परीक्षाफल घोषित, विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचारः** मिलक में बिलासपुर रोड स्थित गुरु नानक एकेडमी में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षा फल घोषित होने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्यातिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास दीक्षित, डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा प्रबंधक प्रकाश इंटर कॉलेज, सभासद गोपेश्वर गंगवार, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल सिंह यादव, इंद्रजीत सिंह बराड़, एडवोकेट प्रमोद कुमार सक्सेना, विद्यालय के अध्यक्ष विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रचलित व सरस्वती पूजा कर किया गया।

प्रधानाचार्य मिताली सक्सेना ने उनके शैक्षिक प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यकम का संचालन उर्वशी कश्यप व कक्षा 10 की छात्रा आस्था ने किया। कार्यक्रम में ऋषभ सक्सेना, तरुण पांडे, संजय गंगवार, कपिल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री के मामले में रामपुर को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 5650 किसानों की खतौनी आधार की त्रुटियों में सुधार कर पूरा किया लक्ष्य

**अमृत विचारः** कृषि क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से चलाई जा रही एग्रीस्टैक परियोजना के तहत रामपुर ने एक बार फिर पूरे उत्तर प्रदेश में अव्वल स्थान पाया है। 100.03 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा कर रामपुर राज्य का पहला जिला बन गया है।

फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में रामपुर 100.03 प्रतिशत, गाजियाबाद 94.06 प्रतिशत, अम्बेडकर नगर 90.46 प्रतिशत, औरैयारू 88.84 प्रतिशत, बाराबंकी 87.49 प्रतिशत शामिल हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व एवं निरंतर मॉनिटरिंग और विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा चलाए गए डोर-टू-डोर अभियान ने इस असंभव से दिखने वाले लक्ष्य को तय समय से पहले ही मुमकिन कर दिखाया है। अब जिले के किसानों को खाद, बीज या सरकारी योजनाओं के लिए तहसीलों और दफ्तरों की चौखट पर नहीं जाना पड़ेगा। शासन द्वारा 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य हर एक किसान को डिजिटल मैप पर लाना और उनका ग्रीन डेटा तैयार करना था। जनपद को 2,09,828 किसानों की रजिस्ट्री का भारी-भरकम लक्ष्य आवंटित किया गया था। 31 दिसंबर 2025 तक 1,93,753 किसानों का डेटा फीड हो चुका था, लेकिन असली चुनौती बचे हुए उन किसानों को जोड़ने की थी, जिनके रिकॉर्ड में तकनीकी खामियां थीं। जिले में सबसे बड़ी बाधा करीब 5650 किसानों के भू-लेख विवरण और आधार कार्ड के डेटा में मिसमैच (नाम या स्पेलिंग की गलती) होना था। प्रशासन ने इसे एक मिशन के रूप में लिया। खतौनियों में अंश निर्धारण और त्रुटिपूर्ण नामों को सुधारने का विशेष अभियान चलाया गया। डीएम ने बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों की पीठ थपथपाई गई, वहीं लापरवाही बरतने वालों और कम प्रगति वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी गई। राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास और गन्ना विभाग की संयुक्त टीमें बनाई गईं।

# इबादत से दूर रहती हैं बुराईयां: मौलाना रजा

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर की नूरी मस्जिद में 27वीं तरावीह को कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। मस्जिद में हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया, जबकि मस्जिद के इमाम अख्तर रजा ने सामां के फराइज अंजाम दिए।

कुरान मुकम्मल होने पर हाफिज और सामां की गुलपोशी की गई। कुरान मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। इमाम अख्तर रजा ने कहा कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत और नेक काम करने चाहिए। हाफिज जफर ने देश और कौम की तरक्की, आपसी भाईचारे और अमन-चैन के लिए खुसूसी दुआ कराई। क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, पर्वतपुर, अकबराबाद आदि गांवो में भी कुरान मुकम्मल हो गए। इस अवसर पर हाफिज जफर, हाफिज अकबर अली, अब्दुल बारी, मोर्हरमदार, हबीब मोर्हरमदार, हाजी सखावत, जावेद अली, नवेद अली, कलुआ, दानिश, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद फैजान आदि रहे।



नूरी मस्जिद में कुरान मुकम्मल होने के बाद कुल शरीफ में दुआ मांगते रोजेदार।

### कुरआन अल्लाह की मुकद्दस किताब

**रामपुर अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर तोगा स्थित मस्जिद शीशम वाली में 27वीं तरावीह को कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। हाफिज मोहम्मद अयान खां और हाफिज मोहम्मद याहिया साजिद ने रोजाना सवा पारा सुनाया। हाफिज मोहम्मद फैसल ने सामा के फराइज अंजाम दिए। मस्जिद इमाम मौलाना आले नबी ने कहा कि कुरआन अल्लाह की वह मुकद्दस किताब है जिसका कोई बदल नहीं है। कुरान मजीद मुकम्मल होने पर हुई तकरीर में मौलाना ने मुसलमानों को नसीहत करते हुए कहा कि इस मुबारक महीने में गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। मस्जिद शीशम वाली के इमाम मौलाना आले नबी ने मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-ओ-सलामती और भाईचारे के लिए दुआ कराई।

# माहे रमजान में दिल खोलकर करें गरीबों की मदद

**दढ़ियाल, अमृत विचारः** गांव दूंदावाला के शहर इमाम सैयद मिराज मियां ने रमजान के महीने में गरीबों की मदद करने का आह्वान किया है। माहे रमजान जरूरतमंद लोगों की मदद करने का महीना है।

- मौलाना ने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने अपील की

रमजान से संबंधित कई हदीसें मिलती हैं, जिनमें गरीबों की मदद करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने लोगों से आत्मनिरीक्षण करने को कहा कि क्या वे वास्तव में जरूरतमंदों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए। इस्लाम में शहादा, रोजा, नमाज, जकात और हज पांच स्तंभ हैं।

# हैदराबाद में राजघरानों की विरासत का हुआ शाही उत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रामपुर के अंतिम शासक के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां हुए शामिल

**अमृत विचारः** हैदराबाद में रामपुर समेत कई राजघरानों की विरासत का शाही उत्सव देखने को मिला। कार्यक्रम में रामपुर के अंतिम शासक के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां समेत कई राजघरानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

रॉयल फेबल्स द्वारा हैदराबाद में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री पूर्व सांसद कलवाकुंतला कविता और पार्वथी रेड्डी ने किया। जबकि पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, कुंवरानी अंबिकराजे घोरपड़े ऑफ संदूर, प्रिंसेस मंजरी मिश्रा ऑफ अयोध्या, गौरांग शाह व प्रतीक्षा प्रशांत बतौर विशिष्ट अथिति मौजूद रहे। पूर्व मंत्री नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि रॉयल फेबल्स की संस्थापक अंशु खन्ना और चारू सिंह के विरासत का शाही उत्सव बेहद खास रहा। ऐसा लगा कि रियासतों की परम्पराएं फिर जीवित हो उठीं। परिधानों, आभूषणों, व्यंजनों और संग्रहणीय विरासत वस्तुओं के माध्यम से भारत की शाही कहानी बयां की गईं। भारत के पूर्व शाही परिवारों के चुनिंदा प्रतिनिधियों ने इस आयोजन को रौनक बख्शी। जिनमें रामपुर नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, स्योहारा की कुंवरानी कामिनी सिंह, कच्ची बड़ौदा की राजकुमारी रोहिणी सिंह गुप्ता, बारिया की रानी जयकीर्ति सिंह आदि शामिल रहे। हैदराबाद के शाही परिवार की ओर से राजघरानों के प्रतिनिधियों के सम्मान में शाही रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें रामपुर के नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, प्रिंसेस मंजरी मिश्रा ऑफ अयोध्या, संदूर की कंवरानी अंबिकाराजे घोरपड़े, बदनोर की रानी अर्चना कुमारी, बारिया की रानी जयकीर्ति सिंह, कंवरानी कामिनी सिंह ऑफ स्योहारा, राजकुमारी रोहिणी सिंह गुप्ता ऑफ़ कच्छी बड़ौदा, गौरा राज तालुकदारी अवध की राजकुमारी नंदिनी सिंह, नवाब सैयद अहमद खां, दिग्विजय सिंह, नम्रता सिंह, नीलू सिंह, कुंवर भूमेंद्र सिंह आदि शामिल हुए।



हैदराबाद में हुए शाही उत्सव में मौजूद पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

**तैयारी** देर रात तक शहर के मुख्य बाजारों में उमड़ रही लोगों की भीड़, कुर्ते पायजामे, चूड़ी, कंगन और सलवार सूटों की खूब हो रही बिक्री

# ईद को लेकर शहर से लेकर देहात तक बाजार गुलजार, जमकर हो रहा कारोबार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** गुरुवार आज चांद दिखा तो ईद उल फितर का त्यौहार शुक्रवार कल मनाया जाएगा। चांद ना दिखने की सूरत में शनिवार को ईद मनाई जाएगी। मुस्लिमों के इस खास त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में खूब रौनक हैं और बाजार देर रात तक गुलजार हो रहे हैं। पुरुषों के लिए कुर्ते पायजामे और महिलाएं चूड़ी, कंगन और सलवार सूट की जमकर खरीदारी कर रहीं हैं।

शेरवानी और लखनवी कुर्ता पायजामे लोगों को खूब भा रहे हैं। बाजारों में देर रात तक रौनक पसरी है बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखकर दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। शहर के नसरुल्लाह खां बाजार, सफदर गंज बाजार, तहसील, शादाब मार्केट, चाकू बाजार, अब्दुल्ला गंज में जमकर खरीदारी हो रही है। लोगों की भारी भीड़ से दुकानदार गदगद हैं।

बाजार देर रात तक खुल रहे हैं। लेडीज सूट के होल सेलर मोहम्मद अहमद बताते हैं कि इस साल कपड़े का अच्छा कारोबार हुआ है। औरतों की पसंद का ख्याल रखते हुए सूट तैयार गए हैं लेकिन, गर्मी अधिक होने के कारण इस बार लखनवी चिकन के सूटों की काफी मांग है। बताते हैं कि बाजार में तीन सौ रुपये से तीन हजार रुपये तक के चिकन के सूट उपलब्ध हैं।

**शेरवानी और कुर्ते पायजामे खूब आ रहे पसंद :** बाजारों में बच्चों के लिए शेरवानी, कुर्ता, पायजामा खरीदे जा रहे हैं। रेडिमेड कपड़ों एवं सिलाई करने वालों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ है। महंगाई के दौर में दर्जी की सिलाई अधिक होने के कारण लोगों का फोकस रेडीमेड सूटों की खरीदारी पर है। बच्चों को कढ़ाईदार शेरवानी और चिकन के कुर्ते पायजामे खूब पसंद आ रहे हैं। बाजार में कुर्ते पायजामे की कीमत दो सौ रुपये से दो हजार रुपये तक है। दुकानदार मोहम्मद सफी बताते हैं कि कारोबार बहुत अच्छा हो रहा है अभी काम में और तेजी आने की उम्मीद है।



ईद पर बाजारों में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार



ईद के मौके पर बाजार में चप्पल खरीदते लोग।

### बाजार में यह हैं रेडीमेड कपड़े की कीमतें

बच्चों की शेरवानी– 500 रुपये से 2000 रुपये तक
बच्चों का लखनवी चिकन सूट– 200 रुपये से 800 रुपये तक
लखनवी चिकन कुर्ता पायजामा– 200 रुपये से 2000 रुपये तक
महिलाओं का चिकन सूट– 300 से रुपये से 3000 रुपये तक

### ईद के दिन नमाज से पहले पैदा होने वाले बच्चे का भी निकालें फितरा

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद की नमाज से पहले फितरे की रकम अदा करना हर साहिबे निसाब मुसलमान पर फर्ज है। आसपास के गरीबों और मिस्कीनों के बीच फितरे की रकम बांट दें। ईद के दिन नमाज के पहले पैदा होने वाले बच्चे का भी फितरा निकाला जाता है। रहमतों और बरकतों का महीना माह-ए-रमजान को खत्म होने में चंद दिन ही रह गए हैं। माहे रमजान में मुसलमान इबादत में लगे हैं। रमजान में रोजा-नमाज और कुरआन की तिलावत के साथ जकात और फितरा देने का भी बहुत महत्व है। शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने बताया कि जकात इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। इस्लाम के मुताबिक जो इंसान साहिबे निसाब जिसके पास साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोला चांदी की हैसियत है यानि जिनके पास इतना पैसा या संपत्ति हो कि वे अपने खर्च पूरे करने के बाद किसी की मदद करने की स्थिति में हो तो उस पर फितरा और जकात फर्ज है। शहर इमाम बताते हैं कि सदका-ए-फितर लेने के हकदार वही हैं जो जकात लेने के हकदार हैं। लेकिन, यह गरीबों और मिस्कीनों को देना अफजल है। फितरा देने वाले लोग अपने आसपास के गरीबों और मिस्कीनों के बीच फितरे की रकम बांटें। सदका-ए-फितर ईद-उल-फितर से जुड़ा है। यह गरीबों, फकीरों मिस्कीनों के लिए ईद के लिए मदद है। इसलिए, ईद की नमाज से पहले फितरा देना वाजिब करार दिया गया है।



मौलवी नासिर खां, शहर इमाम।

# ईद को लेकर पुलिस अलर्ट, दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया

**शाहबाद, अमृत विचारः** आगामी त्योहार ईद के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। बुधवार को थाना शाहबाद परिसर में दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास (ड्रिल) किया गया। यह अभ्यास एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और थाना पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण से जुड़े उपकरणों के जानकारी दी गई।



शाहबाद में फ्लैग मार्च करते अधिकारी।

# सरकार के सर्व जनहिताय के मूलमंत्र से हर वर्ग हो रहा लाभान्वित: राजबाला

## सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर नौ दिवसीय प्रदर्शनी का आरंभ, विधायक, डीएम व सीडीओ ने दिए स्वीकृति पत्र

- लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विकास भवन में विशेष कार्यक्रम हुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लाभार्थी को स्वीकृति पत्र देती विधायक राजबाला, डीएम व सीडीओ। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय नौ दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला ने कहा कि सरकार सर्वहिताय के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषकों, महिलाओं एवं वृद्धजनों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ स्थित लोक भवन से उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में सभी ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। विधायक राजबाला ने कहा कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि आवास, पेंशन, ऋण मोचन तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि प्रदेश सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के प्रतीक हैं। सरकार द्वारा पारदर्शी एवं बिना भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे आमजन का विश्वास निरंतर बढ़ा है। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर 9 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है। इसका उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ प्राप्त करने की विधि के बारे में आमजन को अवगत कराया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत सुब्हान खां को आरओ वाटर प्लांट के लिए 5 लाख रुपये, ढाकनलाल को आईस्क्रीम बनाने के लिए 2 .5 लाख रुपये, कृष्णपाल को बुटीक के लिए 2 लाख रुपये का चेक दिया गया। वहीं राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन के तहत रानी स्वयं सहायता समूह सहित 7 स्वयं सहायता समूहों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत धैर्य, अंश जैन, कल्पना, ऋषि श्रीवास्तव, ईशा मार्टिन, पिंकी कश्यप को जोड़ा गया है। 7 निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। श्रम विभाग द्वारा राकेश, धर्मवीर, अब्दुल जब्बार को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत 31000 रुपये एवं संजीव कुमार को 26000 रुपये का चेक दिए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत तहसील स्वार ग्राम मधुपुरा ओमवती, तहसील मिलक ग्राम मेघानगला जदीद की चांदनी गंगवार एवं तहसील मिलक ग्राम पजाबा की संतोष कुमारी को आवास की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की गई। इस दौरान दिव्यांग बालिका पूजा मिल्क निवासी को ट्राई साइकिल प्रदान की।

## फुटबॉल में यूनाइटेड ने स्मार्ट इंडियन को दी 4-0 से शिकस्त



बमनपुरी स्टेडियम में हैंडबॉल में भिड़तीं खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय जूनियर बालक फुटबॉल और बालक बालिकाओं की हैंडबॉल प्रतियोगिताएं शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर खेली गईं। खेलों का शुभारंभ हॉकी ओलंपियन आरएस रावत ने किया। फाइनल मैच में यूनाइटेड एपसी ने स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल की टीम को 4-0 से करारी शिकस्त दी।

हैंडबॉल में राजकीय बाकर इंटर कॉलेज की टीम ने स्टार एकेडमी को 2-1 से पराजित किया। जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बमनपुरी स्टेडियम में 4-1 से स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल को शिकस्त दे दी। विजेता और उपविजेता टीमों को जिला उद्यान अधिकारी अजय कुमार, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार, जिला योगासन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। निर्णायकों में फरहत अली खां, सौरभ कुमार, अमरपाल सिंह यादव शामिल रहे। इस मौके पर अम्बरीश सिंह, खेमपाल सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को जिला स्तरीय बालक-बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में होगी। हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे से नवाब जुल्फिकार अली खां स्पोर्ट्स काम्पलेक्स पनवड़िया में होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ससुराल से लापता

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव रहमतगंज निवासी खेम सिंह पुत्र जयप्रकाश ने स्वार कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी प्रियंका उम्र 24 वर्ष मानसिक रूप से कमजोर है। वह 14 फरवरी की शाम को बिना बताए कहीं चली गई है। चौकी पुलिस को भी तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की मांग की चुकी है पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।



लापता महिला का फाइल फोटो।

### 28 हजार किशोरियों को लगेगी एचपीवी वैक्सीन

**रामपुर, अमृत विचार :** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14-15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन से प्रतिरक्षित किए जाने के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ बुधवार को सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटकर किया। जिले में 28,643 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन से प्रतिरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 18 मार्च 2026 से जिला महिला चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रात: 9 से अपरान्ह 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत पात्र किशोरियों को गार्डासिल-4, क्वाड्रिवेलेंट 6, 11, 16, 18 एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी।

### 1409 वाहनों की जांच, एक पर लगाया जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में सघन प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत कुल 1409 वाहनों की गहन जांच की। जांच के दौरान 1 वाहन ओवरलोड पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 27,520 की वसूली की जा रही है। अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान को निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जाए।

# यूपी बोर्ड: आधी अधूरी तैयारियों के बीच मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बुधवार को मूल्यांकन केंद्र राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में पहुंचे शिक्षक।

- पहले दिन तीन हजार कॉपियों का किया गया मूल्यांकन

> दो केंद्रों पर बुधवार से यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। अभी सभी कॉपियों मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं पहुंची है। धीरे-धीरे मूल्यांकन कार्य तेजी पकड़ लेगा। एक परीक्षा को 45 से 50 कॉपियां प्रतिदिन जांचनी होंगी।
>
> **- अंजलि अग्रवाल,** डीआईओएस

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा के बाद बुधवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा कॉपियों का मूल्यांकन कार्य आधी-अधूरी तैयारियों के बीच शुरू हो गया है। बुधवार को राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 2500 और राजकीय रजा इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 500 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अभी पूरी कापियां नहीं आई हैं।

सुबह से ही बड़ी संख्या में शिक्षक केंद्रों पर पहुंच गए थे, लेकिन पर्याप्त कॉपियां उपलब्ध न होने के कारण मूल्यांकन कार्य ठीक से शुरू नहीं हो सका। कई शिक्षक केंद्रों पर इंतजार करते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। कई केंद्रों के मुख्य द्वारों पर न तो पर्याप्त पुलिस बल तैनात था और न ही सुरक्षाकर्मी मौजूद थे, जिससे सुरक्षा के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि राजकीय रजा इंटर कॉलेज को इंटरमीडिएट और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज को हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कॉपियां धीरे-धीरे केंद्रों पर पहुंच रही हैं और जल्द ही सभी उपलब्ध हो जाएंगी। हाई स्कूल की 86,652 आ चुकी हैं जबकि, 1 लाख 34 हजार कॉपियां आवंटित हैं। इंटरमीडिएट की लगभग 90,000 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए इंटरमीडिएट में 359 और हाई स्कूल में 658 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। मुर्तजा इंटर कॉलेज के शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अधिकांश शिक्षक केंद्र पर पहुंच चुके हैं, लेकिन सभी कॉपियां अभी तक नहीं आई हैं। वहीं शिक्षक जगपाल सिंह ने कहा कि कुछ विषयों की कॉपियां मिल गई हैं, जबकि अन्य अभी आनी बाकी हैं। शिक्षकों का कहना है कि सभी कॉपियां मिलते ही मूल्यांकन कार्य तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज के मूल्यांकन नियंत्रक संजय कुमार ने बताया कि बुधवार को 2500 कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। राजकीय रजा इंटर कॉलेज के मूल्यांकन नियंत्रक अभिलाष कुमार ने बताया कि बुधवार को इंटरमीडिएट की 500 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ है।

# बैंक कर्मियों का शोषण बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



एसबीआई की मुख्य शाखा में हुई गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

- एसबीआई की मुख्य शाखा में बुधवार को हुई गोष्ठी

**अमृत विचार:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रीजन 5 के अंतर्गत रामपुर और जिला संभल जिले के स्टाफ एसोसिएशन के सदस्यों की एक संगठनात्मक गोष्ठी हुई। बरेली परिक्षेत्र के उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी स्टाफ सदस्य का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुछ सदस्यों को शाम को देर तक बैंक में कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा है, किसी भी शाखा के सदस्य को देर रात तक बैंक में कार्य करने के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा रोका है तो वह सूचित करें। कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप महामंत्री कामरेड नविंद्र कुमार, सहायक महामंत्री दिनकर राव सहित सभी पदाधिकारियों का मुख्य शाखा में आगमन पर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। गोष्ठी में उप महामंत्री ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांग को नहीं मानती है तो हमें विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ेगा। सहायक महामंत्री कामरेड दिनकर राव ने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में बरेली के विकास कुमार, राजेंद्र शर्मा, परमेंद्र सिंह, अमरपाल, अभिनव यादव, चंदौसी की गिरेंद्र अग्रवाल, तूलिका, शिवानी ,बिलासपुर से अरविंद कुमार यादव अजीतपुर की मर्सी सागर, उत्कर्षा सिंह, अक्षी अग्रवाल, शिवानी, अपूर्वा जैन, याशी, वंशिका, राधिका, प्राची, कम्मो आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता तरु राज सक्सेना जबकि, संचालन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रामपुर क्षेत्र 5 के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज और संगठन के पूर्व पदाधिकारी विमल कपूर ने किया।

## न्यूज डायरी

### मनु महिला तो रितेश बने युवा प्रमुख




**रामपुर, अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. राजीव सिंह जी रामपुर की इकाई का गठन किया है। जिला संयोजक मनोज सैनी की सहमति के बाद उन्होंने रितेश को युवा प्रमुख, विभोर सक्सेना को जिला सह संयोजक, उमेश प्रजापति को कोष प्रमुख, गजेंद्र सैनी को संघर्ष वाहिनी प्रमुख, धनंजय सैनी को विचार विभाग प्रमुख, गुलाब सैनी को प्रचार प्रमुख, मनु सक्सेना को महिला प्रमुख एवं गिरीश आर्य को संपर्क प्रमुख मनोनीत किया है। उन्होंने सभी से स्वदेशी अपनाने और राष्ट्र को मजबूत बनाने की अपील की है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार लोधी आदि उपस्थित रहे।



### ज्वाला जी की पवित्र ज्योति की निकली शोभायात्रा

**स्वार, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं द्वारा नगर मे धूमधाम से ज्वाला जी की पवित्र ज्योति को लाया गया। जगह जगह लोगों ने पवित्र ज्योति के दर्शन कर माथा टेका। ज्योति को गीता मंदिर मे स्थापित किया गया है। बुधवार को उत्तराखंड के गदरपुर के श्रद्धालुओं द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति ज्वाला जी की पवित्र ज्योति को लाया गया।भारी संख्या मे नगर से श्रद्धालु उत्तराखंड के दोराहा पहुंचे, जहां हिमाचल प्रदेश के ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति को लिया गया। नगर पहुंचने पर ज्वाला जी की ज्योति की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्वार बाजपुर मार्ग होते हुए पंजाबी कॉलोनी स्थित गीता मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना के बाद ज्योति को नौ दिनों के लिए स्थापित किया गया। इस दौरान राकेश राठौर, बंटी सक्सेना, जयगोपाल अरोरा, पूरन राठौर, रमेश सचदेवा आदि लोग रहे।

### किसान दिवस में गूंजा बदहाल सड़कों का मुद्दा

**रामपुर, अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में किसानों ने बदहाल सड़कों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने कहा कि किसानों की कृषि सम्बंधी समस्याओं का निस्तारण कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने कहा कि किसानों के सहयोग से जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गन्ने की अन्त: फसली के लिए जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उड़द एवं मूंग के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिन्हें कृषक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बुक कर नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। बीज प्राप्ति की अंतिम तिथि 21 मार्च निर्धारित की गई है। भाकियू अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष छिद्दा नेता ने ग्राम ढक्का हरैटा से धनुपुरा तक जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग की समस्या से अवगत कराया। भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार ने गेहूं खरीद के संबंध में कहा कि जनपद में ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर गेहूं क्रय करने वाली एजेंसियों की सूची ग्राम पंचायत सचिवालयों में उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसानों को समय पर एमएसपी पर गेहूं विक्रय की सुविधा मिल सके। हसीन अहमद ने ग्राम ककरौआ द्वारा शहजादनगर दबका रोड से जुड़ी एक मार्ग की जर्जर स्थिति की समस्या उठाई गई। उप कृषि निदेशक ने कहा कि किसानों की समस्याओं को संबंधित विभागों से दूर कराया जाएगा।

### नवनिर्वाचित सभासदों व पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**शाहबाद, अमृत विचार :** तहसील परिसर स्थित गन्ना समिति के चेयरमैन विवेक पांडेय के चेंबर में बुधवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित नगर पंचायत सैफनी एवं शाहबाद के सभासदों और भाजपा जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान नरेश शर्मा, अमित चंद्रवंशी, अर्पित वशिष्ठ, अनुभव शर्मा, सुमित भटनागर तथा भूमि विकास बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दर्शन लोधी, राम अवतार यादव, रोहित कुमार, जयवीर सिंह चौहान, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, आशुतोष पाठक, कुमारी माधुरी सक्सेना, अमर सिंह, संजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट, नीरज बाबू, आनंदपाल सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र गंगवार, तेजपाल लोधी, दिनेश पाल, राकेश राजपूत, संजीव ठाकुर, संजीव पांडे, मनोज भारद्वाज आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायत सहायक सहित 13 पदों पर आवेदन 27 मार्च से

संवाददाता, रामपुर

- जिन ग्राम पंचायतों में रिक्त हैं पद उन्हीं में होगी भर्ती

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिले में पंचायत सहायक एवं एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 13 रिक्त पदों के लिए 27 मार्च से 15 अप्रैल 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। रिक्तियों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में उपलब्ध है।

23 से 25 मार्च तक ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन प्रक्रिया की सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी के माध्यम से दी जाएगी। अभ्यर्थी 27 मार्च से 15 अप्रैल तक अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय या जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि 16 से 22 अप्रैल तक प्राप्त सभी आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। 23 से 30 अप्रैल तक ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। प्रशासनिक समिति से अनुमोदन बाद सूची को जिला स्तरीय समिति को भेजी जाएगह। 1 से 7 मई तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण होगा। 8 से 10 मई तक चयनित अभ्यर्थियों की संस्तुति के बाद ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे।

## एसटीएफ ने 1.36 किलोग्राम अफीम के साथ तीन दबोचे

**रामपुर, अमृत विचार:** बुधवार को एसटीएफ टीम लखनऊ ने भोट थाना क्षेत्र से 1.360 किग्रा अफीम के साथ तीन युवकों को दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से कार बरामद की।

आरोपी शमीम निवासी थाना किठौर मेरठ, हातम सिंह व कन्हैया ग्राम झीडियो थाना किठौर मेरठ को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने वाहन की तलाशी ली तो गोपनीय तरीके से छिपाई 1 किलो 36 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसके संबंध में एसटीएफ टीम द्वारा थाना भोट पर संबंधित धाराओं ने मुकदमा दर्ज कराया। थाना भोट पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ से निरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा, निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, एसपी के निर्देश पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में महिला की मौत होने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना खजुरिया पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव करसौली निवासी जगदीश कुमार द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि 29 दिसंबर 2025 को उसकी पत्नी उषा देवी तथा उनके बेटे रविशंकर गांव अहरो से चंदुपुरा जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसी बीच बिलासपुर दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने पत्नी तथा बेटे को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसके चलते उषा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा रविशंकर को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। गंभीर हालत के चलते उसका उपचार जारी है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### जुमा अलविदा पर अवकाश घोषित करने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा। 20 मार्च शुक्रवार को जुमा अलविदा को लेकर सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार और जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार ने कहा विद्यालयों में मुस्लिम समुदाय के बच्चे भी पढ़ते हैं। उन्होंने हमेशा की तरह इस वर्ष भी अवकाश घोषित करने की मांग की है। विनीत कुमार, गौरव गंगवार, सुधीश शर्मा, डॉ. वसीम अहमद आदि रहे।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**टांडा, अमृत विचार :** बुधवार को उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर और कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने टांडा के मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उपजिलाधिकारी ने भारी पुलिस बल के साथ टांडा के मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों पैदल गश्त की। इस दौरान सभी को सुरक्षा का भरोसा दिया।

### राष्ट्रीय पटेल महासभा ने सभासद का किया स्वागत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पटेल महासभा ने शासन द्वारा नामित पालिका सभासद रमेश चंद्र गंगवार का स्वागत किया। बुधवार दोपहर पटेलनगर स्थित एक कार्यकर्ता के आवास पर आयोजित की गई। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि शासन के इस मनोनयन से समुदाय का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने इसके लिए राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल का आभार व्यक्त किया। बैठक में गणेशी लाल पटेल, उमेश गंगवार, बाबूराम गंगवार, बृजलाल गंगवार, प्रवीण गंगवार, रेवती नंदन, सत्यवीर गंगवार, चिंतामणि गंगवार, ध्यान सिंह फौजी, संदीप गंगवार, महेंद्र प्रताप, सोमपाल और मंगलसेन गंगवार सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सभासद का स्वागत करते रापम के सदस्य।

### भारी वाहनों की नो एंट्री का समय बढ़ाने की अपील

**टांडा, अमृत विचार :** आगामी ईद-उल-फितर के त्योहार पर उमड़ने वाली भारी भीड़ और जनसुरक्षा को देखते हुए टांडा नगर के व्यापारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि ने एसडीएम को पत्र सौंपकर बाजार में भारी वाहनों की नो एंट्री का समय विस्तारित करने की मांग की है। टांडा में भारी वाहनों की एंट्री का समय रात्रि आठ बजे शुरू होता है। इस समय नगर व आसपास के लोग ईद की खरीदारी में लगे हुए है, जिस कारण देर रात तक बाजार में भीड़ रहती है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल और भाजपा नेता पप्पन सक्सेना ने एसडीएम राजकुमार भास्कर को पत्र सौंपकर बाजार में भारी वाहनों की नो एंट्री का समय विस्तारित करने की मांग की है। वर्तमान में भारी वाहनों के प्रवेश का समय रात्रि 8 बजे है, जिसे बढ़ाकर रात्रि 11 बजे करने की आवश्यकता है। उन्होंने 26 मार्च तक विशेष व्यवस्था की मांग की गई है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निविदा सूचना संख्या-06 दिनांक:17.03.26
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। **क्र0 सं0: 1 निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि:** 40265064 Dt. 20.04.2026 **सामग्री का विवरण:** सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ शियरिंग मशीन डबल कॉलम गिलोटिन शियरिंग मशीन एस पर टेकनिकल स्पेशीफिकेशन नं0 एम/246/1/14/25-26/एम एण्ड पी/एसएम दि0 08.09.2025 मांगी गयी **मात्रा: 1 अदद बयाना राशि:** 138240/- 1 उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साइट www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत है वे ई-टेण्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान डिजिटल सर्टिफिकेट नही प्राप्त किये है वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत है उनसे प्राप्त कर सकते है। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी। 2. उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी विज्ञापित निविदा एवं बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई- प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से खोली जा रही है, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार, उन्हे डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को क्रिश/न्यू दिल्ली में पंजीकृत कराना होगा। 3. निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4. एलोकेशन शीर्ष** निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844519

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/इज्जतनगर
मुजाधि/स्टोर-90

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**विज्ञप्ति/प्रवेश हेतु सूचना**

**सितारा बन्नो मैमोरियल डिग्री कॉलेज**

अल्पसंख्यक संस्थान बिलारी रोड सिरसी, जिला सम्भल (कॉलेज कोड-750002)

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन NCTE/SCERT से मान्यता प्राप्त एवं संबद्ध डी.एल.एड. (BTC) प्रशिक्षण 2025 हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 1169/ 68-4- 2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 एवं शासनादेश संख्या 653/ 15-11-2015 दिनांक 10 जून 2015 तक यथा संशोधित शासनादेश संख्या 612/15-11-2017 दिनांक 25.05.2017 के अनुपालन व परीक्षा नियामक पदाधिकारी उ.प्र. की विज्ञप्ति दिनांक 12 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है। नोट : समस्त अर्हताएं सूचना NCTE/SCERT के मानकानुसार।

अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में संपर्क करें।

8171869153, 9808982326, 9219250005, 8445695401 (HOD)

# चैत्र नवरात्र के लिए मातारानी के धाम तैयार

## नवरात्र आज सेः प्राचीन सिद्धपीठ श्री चामुंडा देवी मंदिर में ज्वाला देवी की दिव्य ज्योति पहुंची, की गई सजावट

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के लिए मातारानी के मंदिरों मे तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिरों को अच्छे से जसया जा रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री चामुंडा देवी मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गईं। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक फूलों से सजाया गया है, वहीं हिमाचल प्रदेश से मां ज्वाला देवी की दिव्य ज्योति भी मंदिर में पहुंच चुकी है, जिसके दर्शन नवरात्र के पहले दिन से श्रद्धालुओं के लिए शुरू होंगे।

19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र को हिंदू नववर्ष की शुरुआत माना जाता है। मोहल्ला हल्लू सराय स्थित इस प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर सभी व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार की भोर से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचेंगे। नवरात्रि के एक दिन पूर्व बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मंदिर परिसर के बाहर प्रसाद की दुकानों की व्यवस्था कर दी गई है, वहीं मंदिर को रोशनी से जगमगाने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी चैत्र और शारदीय नवरात्र में नौ दिवसीय मेले का आयोजन होगा, जिसमें संभल के साथ-साथ आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के महंत मुरली सिंह ने बताया कि यह सिद्धपीठ सम्राट पृथ्वीराज चौहान की कुलदेवी का मंदिर है और शहर की स्थापना काल से ही इसकी विशेष मान्यता रही है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष चैत्र और शारदीय नवरात्र में हिमाचल प्रदेश स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर से दिव्य ज्योति यहां लाई जाती है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होती है। मां का दरबार विशेष रूप से प्राकृतिक फूलों से सजाया जा रहा है।


प्राचीन चामुंडा मंदिर में सजावट करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### नवरात्र में दिव्य ऊर्जा प्रदान करती हैं मां दुर्गा

**संभल, अमृत विचार :** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के अंतर्गत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा पंजू सराय समिति कैंप कार्यालय पर मां दुर्गा स्तवन की 92वीं कड़ी के रूप में 11 दिवसीय यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसका आरंभ 19 मार्च को शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। पंडित राधेश्याम श्रीमाली ने बताया कि इस बार सूर्य उदय के समय प्रतिपदा न होने के कारण गौधूली बेला में कलश स्थापना, अखंड ज्योति जागरण, दिव्य नवार्ण महामंत्र जाप और कन्या पूजन जैसे धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए जाएंगे। नवरात्र में आदिशक्ति मां दुर्गा अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें दिव्य ऊर्जा प्रदान करती हैं और उनके जीवन की दिशा व दशा को सकारात्मक रूप से परिवर्तित करती हैं। समिति के जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली ने बताया कि नवरात्र के दौरान किए गए सात्विक उपवास बल, बुद्धि और आयु में वृद्धि करते हैं। साधना जिला सचिव आनंद सैनी, अमरोहा इकाई अध्यक्ष आनंद कुमार, डॉ. सुरेश सैनी, दिनेश मोहन एडवोकेट, जितेंद्र गुप्ता, समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

### चैत्र नवरात्र के लिए मां कैला देवी मंदिर में भव्य तैयारियां

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** भूड़ क्षेत्र में स्थित शक्तिपीठ मां कैला देवी मंदिर सहित आसपास के इलाकों में चैत्र नवरात्र का पावन पर्व गुरुवार से विधिवत रूप से शुरू हो रहा है। भूड़ क्षेत्र में कैला देवी धाम पर भव्य मेले के बीच नवरात्र के सभी नौ दिन मां आदिशक्ति को समर्पित रहते हैं। मंदिरों को फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया है। विशेष रूप से मां कैला देवी मंदिर के प्रवेश द्वारों को फूलों से सजाया गया है। मां कैला देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों, झूलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पर्व का उल्लास और बढ़ जाएगा। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



# त्योहारों पर न डाली जाए नई परंपरा, होगी कार्रवाई

- त्योहारों को लेकर प्रशासन सतर्क, पीस कमेटी की बैठक की गई
- नवरात्र को देखते हुए मंदिरों में की गई साफ-सफाई, ईद पर उपलब्ध रहेंगी सभी सुविधाएं: ईओ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** संभल में गुरुवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र और ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को संभल कोतवाली में अधिकारियों ने नागरिकों, सभासदों और ग्राम प्रधानों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एएसपी आलोक भाटी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी और इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि सभी धार्मिक कार्यक्रम पारंपरिक तरीके से ही होंगे, नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी ने अवहेलना की तो कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान त्योहारों से पहले करा दिया जाएगा। सभासद वरिश अहमद ने बताया कि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी और सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी।

बैठक में नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, भाजपा नेता संजय गुप्ता पोली, सभासद मोहम्मद इब्राहिम अंसारी, दानिश खान, जिया हक और आकाश रुहेला व अन्य मौजूद रहे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि नवरात्र को देखते हुए मंदिरों में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी कर ली गई है और टीमों को तैनात कर दिया गया है। ईदगाह की भी साफ-सफाई पूरी कर ली गई है। ईद के दिन नमाज के दौरान पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### असमोली चीनी मिल 21 को होगी बंद

**असमोली, अमृत विचार :** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड यूनिट असमोली में पेराई सत्र 2025–26 का समापन 21 मार्च को किया जाएगा। इस सत्र में अब तक कुल 110 .16 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। महाप्रबंधक गन्ना ने बताया कि क्षेत्र में उपलब्ध गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है, जिसके चलते मिल बंद करने का निर्णय लिया गया है। मिल प्रशासन ने गन्ना समितियों को अंतिम मिल बंदी नोटिस जारी कर दिया है। जिन किसानों का गन्ना अभी तक मिल तक नहीं पहुंच पाया है, उन्हें 21 मार्च तक बीज हेतु सुरक्षित गन्ने को छोड़कर, मिल में आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ढाबे पर म्यूजिक को लेकर मारपीट, चार हिरासत में

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गोहत गांव निवासी ट्रक चालक दीपक आगरा से सीमेंट लेकर मुरादाबाद जा रहा था। रास्ते में उसने खाना खाने के लिए चायु नागल चौराहे पर स्थित हरिओम ढाबा पर ट्रक रोक लिया। ढाबे पर रायपुर के कुछ युवक मौजूद थे और म्यूजिक बज रहा था। गाना बजाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। दीपक ने डायल 112 पर सूचना दी। कैला देवी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ढाबा संचालक सहित चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। म्यूजिक सिस्टम भी कब्जे में ले लिया गया है। ट्रक चालक ने आरोप लगाया है कि उसके साथ लूटपाट भी की गई और कुछ पैसे छीन लिए गए। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### नलकूपों से स्टार्टर और केबल चोरी

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के मीरपुर साकीपुर और आसपास में मंगलवार रात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक किसानों के निजी नलकूपों की कोठरियों के ताले तोड़कर स्टार्टर, केबल समेत बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। मीरपुर साकीपुर गांव निवासी किसान मुस्लिम, हाफिज मुस्तफा, लियाकत, गुलाम रसूल, अनवार आलम सहित करीब दस किसानों के नलकूपों में नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

# हिंदू नववर्ष पर निकाली कलश शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 और चैत्र नवरात्र से पूर्व जनपद में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम की ओर से तपोनिष्ठ संत कृष्णानन्द पुरी त्यागी जी महाराज के सानिध्य में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में 501 कलशों के साथ माताएं और बहनें सिर पर धार्मिक ग्रंथों को धारण कर शामिल हुईं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा अद्वैत कुटी से प्रारंभ होकर बबैना अड्डा, मऊ भूड़, अख्तारपुर चौवे और शेरपुर सहित विभिन्न गांवों से गुजरी। यात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, सामाजिक एकता और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। कृष्णानन्द पुरी त्यागी जी महाराज ने कहा कि नव संवत्सर केवल नए वर्ष की शुरुआत नहीं, बल्कि ॠतु परिवर्तन और सृष्टि सृजन की स्मरणीय बेला भी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी समय ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी, इसलिए इसे ब्रह्मा संवत भी कहा जाता है।

सुखवीर राष्ट्रवादी एडवोकेट, कामेश शास्त्री, धीरेन्द्र यादव, मास्टर मोहकम सिंह, सुरेंद्र यादव, हरवीर यादव, रामचंद्र महाराज, सुरेश वकील, बृजपाल मास्टर, संदीप शर्मा, अजीत कुमार, प्रमोद कुमार, अमित शर्मा, अवधेश, अमरपाल, रोहिदास सहित अनेक लोग शामिल रहे।


श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

- भजन-कीर्तन करते निकले श्रद्धालुओं ने दिया सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का संदेश

# भांजी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल जेल

**संभल, अमृत विचार :** भांजी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की जेल और 30 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार जनपद रामपुर के थाना शाहबाद के गांव शाहपुर देव के जगत सिंह यादव ने 13 जुलाई 2023 को मुंह बोली बहन की 10 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची को धमकाया कि किसी को बताने पर वह जान से मार देगा। करीब 3 महीने बाद उसने मां को बताया तो मां ने थाना बनियाठेर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि जगत सिंह यादव को न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 30000 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश किए हैं। धनराशि जमा नहीं करने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# यूपी बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

- पहले दिन कई केंद्रों पर धीमी रही मूल्यांकन की रफ्तार
- पांच केंद्रों पर दो लाख से अधिक कॉपियों का होगा मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं समाप्त होने के बाद जनपद में बुधवार से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया है। निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए बनाए गए पांच केंद्रों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कॉपियों की जांच की जा रही है। हालांकि पहले दिन कई केंद्रों पर मूल्यांकन की रफ्तार धीमी रही।

जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सर्वेश कुमार ने बताया कि जनपद में करीब दो लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है, जिसके लिए एक हजार से अधिक परीक्षकों की तैनाती की गई है। सभी शिक्षकों को विभाग की ओर से परिचय पत्र जारी किए गए हैं और बिना आईडी के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है। मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू होकर 1 अप्रैल तक चलेगा। इंटरमीडिएट की कॉपियों की जांच इंटर कॉलेज बहजोई और एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में की जा रही है, जबकि हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज संभल, हीरा देवी तोताराम कन्या इंटर कॉलेज बहजोई और आचार्य मुक्तेश हकीम रहीस इंटर कॉलेज में किया जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं कंट्रोल रूम से पूरे कार्य की निगरानी की जा रही है। डीआईओएस ने बताया कि पहले दिन हाईस्कूल की कुल 154 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। इसमें तोताराम कन्या इंटर कॉलेज बहजोई में 66 और हकीम रहीस इंटर कॉलेज संभल में 88 कॉपियों की जांच की गई, जबकि अन्य केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य शुरू नहीं हो सका। वहीं इंटरमीडिएट की कुल 1826 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इंटर कॉलेज बहजोई में 893, एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में 624 और शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज संभल में 309 कॉपियों की जांच हुई। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों के खुलने और बंद होने की एंट्री इस बार रजिस्टर में अनिवार्य की गई है। साथ ही सुरक्षा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।


मूल्यांकन केंद्र शंकर इंटर कॉलेज।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम फिसलकर गिरे, सिर में लगी गंभीर चोट

**संभल, अमृत विचारः** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम बुधवार को अपने गाजियाबाद स्थित आवास पर पैर फिसलने से गिरकर घायल हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आचार्य प्रमोद कृष्णम बुधवार को किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए करीब 12 बजे अपने आवास से बाहर निकल रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। कल्कि धाम से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस हादसे में उनके सिर में करीब दो इंच गहरा घाव हो गया। चिकित्सकों ने करीब 25 टांके लगाए हैं। साथ ही प्लास्टिक सर्जरी भी की गई है ताकि चोट का समुचित उपचार हो सके। डॉक्टरों द्वारा किए गए सीटी स्कैन की रिपोर्ट सामान्य आई है, जिससे किसी अंदरूनी गंभीर चोट की आशंका नहीं पाई गई है। आचार्य प्रमोद कृष्णम के घायल होने की सूचना मिलते ही कल्कि धाम से जुड़े लोगों और उनके अनुयायियों में बेचैनी बढ़ गई। तमाम श्रद्धालु फोन और अन्य माध्यमों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहे। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ समय अस्पताल में ही रहने की सलाह दी है।


आचार्य कृष्णम का इलाज करते डाक्टर।

# जिला न्यायाधीश ने जेल में देखीं व्यवस्थाएं

- बंदियों की समस्याएं जानीं, विधिक सहायता उपलब्ध कराने को कहा

संवाददाता,चंदौसी/संभल

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के तहत बुधवार को जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह ने जिला कारागार मुरादाबाद का त्रैमासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बंदियों की संख्या, विचाराधीन व दोष सिद्ध कैदियों की स्थिति, आवास, साफ-सफाई, भोजन, पेयजल, प्रकाश, वेंटिलेशन तथा चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया गया। जेल अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और संक्रामक रोगों से बचाव की व्यवस्थाओं को भी परखा गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने, विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने तथा विचाराधीन मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही जेल प्रशासन को मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। महिला बैरक का निरीक्षण करते हुए पौष्टिक भोजन, बच्चों के लिए दूध, शिक्षा, स्वच्छता और दवा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जेल लीगल एड क्लीनिक के अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कहा गया कि जरूरतमंद बंदी प्रार्थना पत्र देकर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।


जिला कारागार में व्यवस्थाओं का जायजा लेतीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

# पंचायत में उठीं किसानों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। 27 मार्च को बिचेटा चौराहे पर प्रस्तावित किसान-मजदूर संवाद महापंचायत को सफल बनाने के लिए रणनीति भी तैयार की गई। यह महापंचायत राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में आयोजित होगी।

बुधवार को आयोजित पंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनपद के कुछ अधिकारी किसानों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। किसान दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी अधिकारी शामिल नहीं होते और किसानों की समस्याओं से बचने का प्रयास करते हैं। कहा कि बिचेटा चौराहे पर होने वाली महापंचायत ऐतिहासिक होगी। इसमें आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है। बैठक में बिजली , चकबंदी के मुद्दे, राशन वितरण में धांधली और खनन के नाम पर किसानों के उत्पीड़न जैसे विषयों को उठाया गया। अध्यक्षता महावीर सिंह यादव ने की, जबकि संचालन जबर सिंह यादव ने किया। इस दौरान रामवीर सिंह यादव, अमर सिंह राजपूत, उदयवीर सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह, मुकेश यादव, शिवनारायण यादव, राहत जहां, गायत्री यादव, कल्याण सिंह, प्रियंका सक्सेना, देशराज सिंह, महेश यादव, हाजी अजीम सिद्दीकी, नीरज यादव, रामखिलाड़ी सिंह, अरविंद प्रधान, बृजेश यादव, धर्मवीर सिंह, दिनेश यादव और राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।


बहजोई में भाकियू की पंचायत में बोलते विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाकियू पदाधिकारियों ने महापंचायत की बनाई रणनीति

# तीसरे साल भी नहीं लगा ऐतिहासिक नेजा मेला

कार्यालय संवाददाता,संभल

- पालिका मैदान में पसरा सन्नाटा व्यापारियों में छाई मायूसी

नगर पालिका परिषद मैदान में बुधवार को लगने वाला ऐतिहासिक नेजा मेला इस वर्ष भी आयोजित नहीं किया गया। लगातार तीसरे साल मेले के न लगने से जहां मैदान में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं स्थानीय व्यापारियों और फड़ विक्रेताओं में मायूसी देखने को मिली।

सैयद सालार मसूद गाजी की याद में आयोजित होने वाले इस मेले को प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। वर्ष 2025 में प्रशासन की ओर से यह तर्क दिया गया था कि मसूद गाजी से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को देखते हुए ऐसे किसी आयोजन की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसी के चलते इस बार भी मेले का आयोजन नहीं हो सका। पहले जहां मेले से एक सप्ताह पूर्व ही मैदान में दुकानों और झूलों की तैयारियां शुरू हो जाती थीं, वहीं इस बार मैदान पूरी तरह खाली नजर आया। जिस स्थान पर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ती थी और पैर रखने तक की जगह नहीं होती थी, वहां अब वाहन खड़े नजर आए। फड़ विक्रेता सुल्तान ने प्रशासन के निर्णय को उचित बताया, लेकिन साथ ही कहा कि इससे छोटे व्यापारियों की आमदनी पर असर पड़ा है। कहा कि मेले के दौरान बाजारों में भारी भीड़ रहती थी, जिससे व्यापार में अच्छी बढ़ोतरी होती थी। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन पहले से ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती थी, लेकिन पिछले तीन वर्षों से मेला न लगने के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है।

## न्यूज डायरी

### नवरात्र व ईद पर साफ-सफाई और सुरक्षा की मांग

**संभल,अमृत विचार :** नवरात्र, चांद रात और ईद–उल–फितर को देखते हुए समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नई तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। त्योहारों के मद्देनजर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, इमामबाड़ा और कब्रिस्तानों के आसपास विशेष साफ–सफाई कराने साथ ही बाजारों, प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने की बात कही। सपा जिला सचिव सईद अख्तर ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है, खासकर चांद रात के समय स्थिति अधिक व्यस्त हो जाती है। ऐसे में ई–रिक्शा और चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।





### नवरात्र व ईद पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग

**चंदौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें नवरात्र और ईद के मद्देनजर बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई। व्यापारियों ने नगर पालिका से मंदिरों व मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने, जलापूर्ति का समय बढ़ाने और विद्युत विभाग से त्योहारों के दौरान बिजली कटौती न करने के निर्देश देने की मांग रखी। साथ ही मंदिरों के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और बाजारों में जाम से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाने की भी बात कही। प्रतिनिधिमंडल में शाह आलम, सागर गुप्ता, राजीव शर्मा, परवेज एडवोकेट, इरफान खान, सूफियान शमसी, मोहित सक्सेना, सचिन शर्मा व गौरव अग्रवाल शामिल रहे।

### झोलाछाप का क्लीनिक सील प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी गांव में बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने एक झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया गया, वहीं संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में अनस नामक युवक कंपाउंडर के रूप में कार्य करता मिला। मौके पर शबाना अपनी बेटी के टाइफाइड के इलाज के लिए आई थी। टाइफाइड से पीड़ित एक अन्य बच्चा अरहान भर्ती मिला।लोगों ने बताया कि यह क्लीनिक हजरतनगर गढ़ी निवासी मुस्लिम द्वारा संचालित किया जा रहा है। क्लीनिक में न तो कोई पंजीकरण प्रमाणपत्र मिला और न ही संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सके। नगर मजिस्ट्रेट ने सीएचसी हजरतनगर गढ़ी की चिकित्सा अधिकारी डॉ. वसुंधरा को मौ बुलाया। डॉ. वसुंधरा की देखरेख में अरहान को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद क्लीनिक को सील कर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि नोडल अधिकारी (क्वैक्स) डॉ. मनोज चौधरी को निर्देशित किया गया है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी कर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

### नन्हे-मुन्नों की प्रतिभा से सजा किड्स कार्निवाल

**चंदौसी, अमृत विचार :** सीता आश्रम रोड स्थित आरआरके स्कूल में बुधवार को क्रिएटिव किड्स कार्निवाल का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसमें 2 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्रिएटिव कॉर्नर, लाइव परफॉर्मेंस, गेम्स, फूड कोर्ट, फन फेयर, हॉर्स व कार राइडिंग मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों ने डांस, सॉन्ग, पेंटिंग और क्ले एक्टिविटी के जरिए सभी का मन मोह लिया। कक्षा 11 के छात्र सूर्यांश शर्मा ने डेक मैजिक से दर्शकों को हैरान कर दिया। कोठीवाल डेंटल कॉलेज की टीम ने बच्चों का दंत परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। मुख्य अतिथि डॉ. सुगंधा सिंह सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय व उपप्रधानाचार्य डॉ. अर्चना शर्मा ने सभी का आभार जताया।



## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने किया मिर्जापुर में सड़क निर्माण कार्य आरंभ

**सैदनगली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के विकास को नई गति देते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने एक किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य आरंभ किया। कहा कि सड़क ही विकास की पहली कड़ी होती है। इस मार्ग के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता होगी और क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, मयंक अग्रवाल, कल्याण सैनी, संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, सुरेंद्र शर्मा, हेमराज प्रधान, रणवीर प्रधान, सुनील प्रधान, सोनू शर्मा, जोगेंद्र सिंह, विजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी गंभीर घायल

**डिडौली, अमृत विचार :** गांव ढ़योड़ी वाजिदपुर निवासी अविनाश अपनी पत्नी नाजरीन और छोटे भाई अभिषेक के साथ बाइक से लगी ठेली पर सवार होकर पाकबड़ा से घर लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार बाइक ने उनकी ठेली में जोरदार टक्कर मार दी। अविनाश और नाजरीन गंभीर रूप से घायल हो गए। डिडौली पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह बलियान ने बताया कि तहरीर मिल गई है। जांच की जा रही है।

### गैस सिलेंडर को लेकर लगाया जाम

**हसनपुर, अमृत विचार :** गैस की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं ने आधे घंटे तक गजरौला मार्ग को जाम रखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया तब कहीं जाकर यातायात शुरू हुआ। बुधवार की दोपहर बाद परेशान उपभोक्ताओं के द्वारा गैस की किल्लत के चलते दीपपुर गेट के निकट गजरौला मार्ग पर सिलेंडर रखकर लगभग आधा घंटा तक मार्ग जाम कर दिया। कहा कि एजेंसी पर ब्लैक में गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। यदि समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई गई तो गुरुवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता एकत्र होकर मार्ग जाम करेंगे। मार्ग अवरुद्ध होने की सूचना पर मनौटा चौकी इंचार्ज व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझाकर आधे घंटे बाद जाम को खुलवाया।

## कैंटर में टक्कर मारने के बाद पलटा टेंपो, कई घायल

संवाददाता, हसनपुर



क्षतिग्रस्त टेंपो।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर कैंटर में टक्कर मारने के बाद टेंपो सड़क किनारे पलट गया। टेंपो में बैठी सवारियां घायल हो गई। एक की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर मनौटा गांव के निकट बुधवार की दोपहर एक कैंटर चालक वाहन बैक कर रहा था। गजरौला की दिशा से 10 सवारी बैठाकर हसनपुर जा रहे तेज गति टेंपो की टक्कर कैंटर के पिछले हिस्से में लग गई। टक्कर लगने के बाद टेंपो सड़क पर पलट गया । उत्तराखंड के हरिद्वार निवासी मिथिलेश, सोनम, मायरा , अंश, , रमेश शर्मा, रेखा शर्मा घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर सोनम को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### 624 पंजीकृत स्कूली वाहनों में 300 से अधिक बसें हैं, इनमें कइयों की हालत खराब

## बिना परमिट और फिटनेस के दौड़ रहे स्कूली वाहन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत से पहले जिले में स्कूली वाहनों की स्थिति एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। प्रशासनिक दावों के बावजूद बड़ी संख्या में स्कूल बसें और वैन बिना फिटनेस व परमिट के सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जिले में परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुल 624 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें 300 से अधिक बसें शामिल हैं। इनमें से कई वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है, जबकि कई बिना वैध परमिट के संचालित हो रहे हैं। जिले में 40 से अधिक स्कूली बसें और वाहन ऐसे हैं, जिनकी फिटनेस खत्म हो चुकी है। खासतौर पर टैक्सी श्रेणी में चलने वाले मैजिक और ईको वाहनों की स्थिति ज्यादा खराब बताई जा रही है। कई वाहनों की फिटनेस और कई के परमिट एक्सपायर हो चुके हैं। एआरटीओ विभाग ने ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू करने का दावा किया है और संबंधित संचालकों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। नियमों के तहत बिना फिटनेस के वाहन चलाने पर 5000 रुपये और बिना परमिट संचालन पर 10,000 रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। गंभीर मामलों में वाहन सीज करने की भी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद शहर और ग्रामीण इलाकों में सुबह-शाम ऐसे वाहन बच्चों को ढोते नजर आ रहे हैं। कई वाहन ओवरलोडिंग के साथ-साथ सामान्य सवारी भी ले जाते हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है।

### टीचर और बच्ची की मौत, 13 बच्चे हुए थे घायल

स्कूली वाहनों की लापरवाही पहले भी हादसों की वजह बन चुकी है। एक साल पहले 17 जुलाई 2025 को स्कूल वैन और पिकअप की टक्कर में 5 साल की बच्ची और 22 साल की टीचर की मौत हो गई थी। जबकि 12 बच्चे और एक टीचर यानी 13 लोग जख्मी हो गए थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। हादसा गजरौला मार्ग पर अगापुर के पास हुआ था। यह स्कूली वैन बिना मानकों के बच्चों को स्कूल ले जाती थी। न तो इसका कोई परमिट था और न ही कोई फिटनेस।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी


स्कूल बसों के लिए परिवहन विभाग द्वारा तय मानकों में फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, जीपीएस, स्पीड गवर्नर और प्रशिक्षित चालक अनिवार्य हैं। फिटनेस प्रमाणपत्र इन्हीं मानकों की जांच के बाद जारी किया जाता है, लेकिन अधिकांश वाहनों में ये सुविधाएं केवल कागजों तक सीमित हैं। अभिभावकों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें बच्चों को ऐसे वाहनों में भेजना पड़ रहा है, क्योंकि वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

> स्कूली वाहनों को परमिट दिया जाता है और समय-समय पर उनकी फिटनेस जांच अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालान और सीज की कार्रवाई की जाती है।
>
> **-महेश शर्मा,** उप संभागीय परिवहन अधिकारी

## प्रदेश की तस्वीर बदली, विकास ने पकड़ी गति

### प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


लाभार्थियों को चेक वितरित करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक, विधायक महेंद्र खड़गंशी, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट, प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए गए।

बुधवार को कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री केपी मलिक ने नौ वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास कार्यों ने नई गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि सड़क, परिवहन और हवाई सेवाओं के विस्तार के साथ उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। धार्मिक स्थलों पर देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन प्रदेश के बढ़ते पर्यटन को दर्शाता है।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया गया। साथ ही सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से नवनिर्माण के नौ वर्ष पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किट, मिनी किट, प्रमाण पत्र और चेक वितरित किए गए। उद्यान विभाग की ओर से हल्दी किट और वर्मी बेड, कृषि विभाग की ओर से उड़द-मूंग की मिनी किट व कृषि उपकरण दिए गए। इसके अलावा कौशल विकास मिशन, पीएम सूर्यघर योजना और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लोहार किट तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 2.50 लाख और 2.57 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए।

शिक्षक विधायक हरिसिंह ढिल्लों ने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में जनपद में विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। पीएम किसान सम्मान निधि, आवास योजना, पेंशन योजनाओं, आयुष्मान भारत और उज्ज्वला योजना सहित कई योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। अंत में राज्यमंत्री ने प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

● कार्यक्रम में लाभार्थियों को किट प्रमाण पत्र और चेक दिए गए

## चैत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा में स्नान


बृजघाट गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

● बृजघाट व तिगरी में उमड़ पड़े श्रद्धालु, घाटों पर कराई पूजा

**अमृत विचार :** चैत्र अमावस्या पर बुधवार को ब्रजघाट व तिगरी घाट पर गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। दोपहर तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी था।

बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं ने गंगास्नान शुरू कर दिया। बहुत से श्रद्धालुओं ने तो देर रात से ही ब्रजघाट पहुंचना शुरू कर दिया था। उन्होंने सूर्य की पहली किरण के साथ गंगास्नान किया तथा सूर्य को अर्घ्य देकर गंगा की आरती की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली राज्यों के अलावा मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल आदि जनपदों के श्रद्धालु गंगास्नान करने पहुंचे। गर्मी में श्रद्धालु देर तक गंगा में डुबकी लगाते रहे। वहीं, युवाओं ने जमकर गंगाजल में जमकर अठखेलियां की। तिगरीधाम गंगा में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर मां गंगा की आरती की। घाटों के किनारे अनुष्ठान कराकर घर में सुख शांति की कामना की। घाटों पर खासी पुलिस तैनात रही।

## शिवपुरी मोहल्ले में जलभराव से लोग परेशान


नगर पालिका के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार


मोहल्ले में गली में भरा पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मंडी धनौरा

● मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका में किया प्रदर्शन, ईओ ने दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला शिवपुरी में जलभराव और जल निकासी की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर कर दिया है। स्थिति यह है कि नालियों का दूषित और बदबूदार पानी सड़कों से होता हुआ लोगों के घरों और कमरों तक पहुंच रहा है। संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से फैलने का डर है।

मोहल्ले में जगह-जगह जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। आनंद प्रजापति एक पैर से दिव्यांग हैं, ने बताया कि घर के बाहर जमा गहरे पानी के कारण उनका बाहर निकलना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है। वहीं, छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि गंदे पानी और कीचड़ के कारण बच्चों के गिरने और बीमार होने का खतरा बना रहता है। विशाल शर्मा ने बताया कि गंदा पानी घरों के अंदर तक घुस रहा है, जिससे पानी के टैंकों और कमरों में भी गंदगी फैल रही है। चारों ओर फैली सड़ांध के कारण मच्छरों और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका भी गहरा गई है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। समस्या से त्रस्त लोगों ने बुधवार को नगर पालिका में प्रदर्शन किया। कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष बरसात और सीजन में यही समस्या खड़ी हो जाती है। कीचड़ और गंदगी के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा ने बताया कि नगर पालिका की टीम को मौके पर भेजकर प्राथमिकता के आधार पर जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रधान पर लाखों के गबन का आरोप डीएम से शिकायत

**हसनपुर, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत फैय्याजनगर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान पर फर्जी बिलों के जरिए सरकारी धन हड़पने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

ग्रामीण मदनपाल सिंह, धीरध्वज सिंह, दिनेश कुमार और विशेष कुमार ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने सरकारी अभिलेखों में फर्जी मस्टरोल भरकर धनराशि निकाली है। हैंडपम्प रिबोर के नाम पर 11 लाख, पंचायत घर के फर्नीचर के लिए 2.5 लाख और अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के नाम पर 90 हजार रुपये का गबन किया है। यह आरोप भी लगाया गया है कि ग्राम प्रधान ने नियमों को ताक पर रखकर विकास कार्यों की लगभग तीन लाख रुपये की धनराशि अपने पुत्र के खाते में स्थानांतरित की है। इसके अलावा, मनरेगा के तहत हुए कार्यों को अपनी निधि का कार्य दर्शाकर दोबारा भुगतान निकालने और घटिया सामग्री के प्रयोग के भी आरोप हैं।

## न्यूज डायरी



### भाकियू बीआर अंबेडकर ने उपभोक्ताओं के साथ किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में घरेलू गैस की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही। गैस एजेंसी पर लंबी लाइन लगी दिखाई दे रही है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी ने उपभोक्ताओं के साथ सिलेंडर सिर पर रखकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी है कि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उज्ज्वला योजना के सिलेंडर वापस किए जाएंगे। कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होगी। अरविंद, सोनू, मंथन, रूम सिंह, नदीम, यासीन, मेवाराम, रईस, सलमान सहित काफी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।



### सीएचसी में एक्स-रे मशीन बिजली के भरोसे, मरीज परेशान

**आदमपुर / ढवारसी, अमृत विचार :** सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे मशीन बिजली गुल होने पर ठप हो जाती है। ऐसे में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। मरीज कमल सिंह, राम फूल सिंह, नफीसा, मुन्नू सिंह, पिंकी कुमारी, हरि सिंह, महमूद अहमद आदि ने अस्पताल में जनरेटर की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। सीएमओ डॉ योगेंद्र सिंह का कहना है कि जैसे ही सीएचसी से जनरेटर के लिए डिमांड भेजेंगे। उसी के आधार पर जनरेटर की व्यवस्था कराई जाएगी। ढवारसी सीएचसी प्रभारी डा. इमरान का कहना है कि जनरेटर के लिए डिमांड सीएमओ कार्यालय भेज दी है। बिजली आती है तो एक्स-रे हो पाते हैं वरना नहीं।

### ईद एवं नवरात्र प्रेम से मनाने की अपील



**हसनपुर, अमृत विचार :** ईद एवं नवरात्र को लेकर पुलिस प्रशासन ने अमन कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि दोनों त्यौहार भाईचारे एवं प्रेम के साथ मनाएं। बैठक को नायब तहसीलदार मनोज कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने संबोधित किया। अधिकारियों ने कहा कि आगामी त्यौहारों को भाईचारे एवं प्रेम के साथ मनाएं। किसी भी त्यौहार पर न नई परंपरा न डालें। रामनवमी एवं हनुमान जयंती पर निकलने वाली शोभा यात्राओं के विषय में भी वार्ता की गई। बैठक में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मेहराजुद्दीन, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अजय पाल, मनोज गोयल, रामवीर सिंह, चमन अंसारी, शाहनवाज अंसारी, तरुण अग्रवाल, पंकज भटनागर, राजेंद्र शर्मा, जावेद जरताब, कुलदीप कुमार, अतुल अग्रवाल, अलीमुद्दीन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### ज्वाला जी की ज्योत यात्रा निकाली

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में भक्तों द्वारा मां ज्वाला जी की ज्योत की शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। अरुणाचल प्रदेश से भक्तों द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां ज्वाला जी की ज्योति लाई गई। बुधवार को हिमाचल प्रदेश से ज्वाला जी की ज्योति लेकर भक्त ब्लॉक परिसर पहुंचे, जहां पर भक्तों ने पूजा अर्चना कर ज्योति भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई मां चामुंडा मंदिर पहुंची। जहां पर भक्तों ने मां ज्वाला की ज्योति स्थापित की गई। शोभा यात्रा में पंडित निर्कुज शर्मा, उषा शर्मा, अंगूरी देवी, कमल शर्मा, उर्मिला वर्मा, विजय शर्मा, सूरज शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।



### नामित सभासदों का स्वागत कर चेयरमैन ने दी बधाई

**हसनपु, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में नामित पांचों सभासदों वीर सिंह प्रजापति एडवोकेट, पंकज भटनागर, अजय पाल, ज्योति गर्ग एवं मानवी त्यागी का नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वागत कर उन्हें बधाई दी। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने कैंप कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा काम करने वाले कार्यकर्ता को आगे बढ़ाती है। कविता सैनी, मंजू सैनी, इशांत सैनी, राजकुमार सैनी, रानू रस्तोगी, ममता शर्मा, करन सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, डिडौली

**अमृम विचार:** ईद-उल-फितर और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए डिडौली कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव और प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार बालियान के नेतृत्व में पुलिस बल, पीएसी व आरएएफ की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के गांव ढकिया चमन, पतेई खालसा और पायती कला में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम ने गांवों के प्रमुख स्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतर्क नजर है, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। एसपी ने निर्देश दिए हैं कि वे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। फ्लैग मार्च के दौरान एसआई कमल सिंह, प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सचिवालय वीरान, दुकान पर हो रहा काम


दुकान, जहां से हो रहा काम। ● अमृत विचार



पंचायत सचिवालय पर लटका ताला। ● अमृत विचार


संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में लाखों रुपये की लागत से बने ग्राम पंचायत सचिवालय पर ताला लटका हुआ है। सचिवालय से जुड़े कार्य एक दुकान से संचालित किए जा रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

गांव के योगेंद्र ने आरोप लगाया कि सरकारी सचिवालय बंद रहता है और पंचायत सहायक द्वारा सारा सामान एक दुकान में रखकर वहीं से कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों से आय, जाति, मूल निवास, जन्म प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम सचिवालय भवन भी देखरेख के अभाव में जर्जर होने लगा है। गंदगी का अंबार लगा हुआ है और जगह-जगह गोबर फैला हुआ है। भवन की टाइल्स टूट चुकी हैं, दरवाजे क्षतिग्रस्त हैं और पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी विजय कुमार सक्सेना ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमृत विचार

गुरुवार, 19 मार्च 2026

भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

**-रवींद्र नाथ टैगोर**, साहित्यकार



## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्घ्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



अंजनी निगम
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






जय प्रकाश पांडेय
लेखक

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

### आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।


**-भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

**-टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी श्रृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी श्रृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी श्रृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



रंजन शर्मा
रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाज़ू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## पीरियड लीवः सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

अमृत विचार कैंपस

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन
# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी



### बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत

आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

### बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





### सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

### फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

### नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

### छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



### बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299.66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या-CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती
- वेतन: 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in




### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700-69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो.मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

### एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

#### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

#### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

#### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

#### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

#### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

#### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

### एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,704.13 | 23,777 |
| बढ़त | 633.295 | 196.65 |
| प्रतिशत में | 0.83 | 0.83 |

सोना 1,60,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, गुरुवार, 19 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### गोदरेज ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरु में 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी वह एक आवासीय परियोजना विकसित करेगी जिससे अनुमानित 1,350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने पूर्वी बेंगलुरु में 20 एकड़ का भूखंड खरीदा है। कंपनी ने हालांकि जमीन की लागत का उल्लेख नहीं किया। कंपनी ने कहा कि कंपनी इस स्थल पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करने की योजना बना रही है, जिसकी अनुमानित राजस्व क्षमता करीब 1,350 करोड़ रुपये है।

### 24 मार्च को खुलेगा पावरिका का आईपीओ

**नई दिल्ली।** पावर सॉल्यूशन प्रदाता पावरिका लिमिटेड का 1,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 मार्च को खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 375-395 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 700 करोड़ रुपये के नए शेयर और 300 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। बयान के अनुसार, आईपीओ 27 मार्च को बंद होगा जबकि बड़े (एंकर) निवेशक 23 मार्च को बोली लगा पाएंगे। पावरिका का शेयर दो अप्रैल को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा।

### एएफएल में 1,500 करोड़ डालेगा एक्सिस बैंक

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक अपनी एनबीएफसी इकाई एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) में कारोबार वृद्धि के लिए अगले एक वर्ष में राइट्स इश्यू के माध्यम से 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बैंक ने बुधवार शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल की अधिग्रहण, विनिवेश एवं विलय समिति ने 18 मार्च 2026 को हुई बैठक में 31 मार्च 2027 से पहले एक या अधिक किश्तों में एएफएल में 1,500 करोड़ रुपये निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि यह निवेश एएफएल के राइट्स इश्यू के जरिये किया जाएगा।

### रक्षा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में अमारा राजा का प्रवेश

**मुंबई।** अमारा राजा डिजाइन अल्फा (एआरडीए) ने मिशन-क्रिटिकल रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में प्रवेश की बुधवार को घोषणा की। यह अमारा राजा समूह की विशेषीकृत इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) कंपनी है। कंपनी के अनुसार, उसने नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए स्वदेशी पावर कंडीशनिंग कैबिनेट (पीसीसी) विकसित किया है। अगले चरण में पावर एम्प्लीफायर, सिग्नल इंटरफेस एवं पावर एम्प्लीफायर कैबिनेट के डिजाइन तैयार करेगी। इससे नौसेना की सोनार प्रणाली के लिए एक व्यापक स्वदेशी परिवेश तैयार करने में मदद मिलेगी।

# पीएनजी नेटवर्क बढ़ाने पर मिलेगी ज्यादा एलपीजी

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर सुझाया फार्मूला, 30 प्रतिशत तक दी जाएगी कॉमर्शियल एलपीजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा-एलपीजी सीमित, लेकिन पीएनजी आपूर्ति निर्बाध जारी**



केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया।

केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है।

उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किराये/पट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनर्स्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं।

शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग 93 प्रतिशत तक बढ़ गई है लेकिन उपभोक्ता अब भी डीलर के यहां पर कतार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद प्रतीक्षा करें। सिलेंडर उनके घर पहुंचाए जाएंगे। घबराहट में बुकिंग करने या एलपीजी वितरकों के पास जाने की जरूरत नहीं है। एलपीजी पर दबाव कम करने के लिए सरकार वाणिज्यिक एवं घरेलू एलपीजी उपयोगकर्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। शहर गैस वितरण कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं और जल्द ''कनेक्शन'' प्रदान कर रही हैं।

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुधवार को पत्र लिखकर कहा कि राज्य सरकारों को शुल्क कम करना चाहिए। शहर गैस वितरण कंपनियों द्वारा 12.63 करोड़ घरेलू ''कनेक्शन'' देने की प्रतिबद्धता के बावजूद अब तक केवल 1.6 करोड़ पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### अधिक एलपीजी का फार्मूला

पाइपलाइन बिछाने के लिए आवेदन करने के 24 घंटे बाद सभी पुराने आवेदनों व नए आवेदनों को स्वत: सीजीडी अनुमति देने वालों को दो प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि राज्य सीजीडी इकाइयों के लिए ''खुदाई व पुनर्स्थापन योजना'' लागू करते हैं, तो उन्हें एलपीजी की तीन प्रतिशत अतिरिक्त आपूर्ति मिलेगी जिससे वे सड़कों आदि की खुदाई व पुनर्स्थापन स्वयं कर सकेंगे और इस प्रकार पुनर्स्थापन शुल्क समाप्त हो जाएगा। मित्तल ने कहा कि जो राज्य सीजीडी नेटवर्क बिछाने/संचालन के लिए वार्षिक किराया/पट्टा शुल्क को शून्य कर देते हैं, उन्हें चार प्रतिशत अतिरिक्त वाणिज्यिक एलपीजी प्राप्त होगी।

### पेट्रोल-डीजल में आत्मनिर्भर, एटीएफ भी पर्याप्त

सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं से माल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण, भारत ने आपूर्ति को सीमित कर दिया है। इसके अलावा, खाना पकाने व अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को 48,000 किलोलीटर अतिरिक्त मिट्टी का तेल दिया गया है। 12 राज्यों ने इस अतिरिक्त कोटे का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के मामले में भारत आत्मनिर्भर है और खुदरा दुकानों पर कहीं भी कमी की सूचना नहीं है। विमान ईंधन (एटीएफ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।

### पड़ोसी देशों से पहले घरेलू ईंधन की आपूर्ति भारत की प्रथम प्राथमिकता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस वार्ता में उन्होंने 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है।

## एफएफएफएआई का युद्ध जोखिम अधिभार के खिलाफ सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

एफएफएफएआई ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम 'कवरेज' की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं।

# सीसीपीए के जुर्माने के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेटा

## कहा-ईमार्केट नहीं, बल्कि केवल एक नोटिस बोर्ड है फेसबुक

**नई दिल्ली, एजेंसी**




मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक ने दिल्ली उच्च न्यायालय में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के उस आदेश को बुधवार को चुनौती दी, जिसमें फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी की कथित अनधिकृत बिक्री एवं सूचीबद्धता को लेकर उस पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक के पास फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का स्वामित्व है। मेटा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अमेजन और फ्लिपकार्ट के विपरीत, फेसबुक कोई ई-मार्केट नहीं है बल्कि केवल एक 'नोटिस बोर्ड' हैं। इसलिए वह सीसीपीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मेटा की याचिका को 25 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि आदेश को 'अधिकार क्षेत्र से परे' कैसे माना जा सकता है।

न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि इस मामले पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग क्यों विचार नहीं कर सकता।

मेटा की ओर से पेश रोहतगी ने तर्क दिया कि फेसबुक न तो खरीद-बिक्री का कोई तंत्र उपलब्ध कराता है और न ही उपयोगकर्ताओं से कोई 'कमीशन' लेता है, क्योंकि यह ई-कॉमर्स मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल फेसबुक उपयोगकर्ताओं के लिए एक 'नोटिस बोर्ड' है। हम कोई दुकान नहीं हैं।

कोई व्यावसायिक बिक्री की अनुमति नहीं है। कोई शुल्क नहीं लिया जाता। हम किसी से शुल्क नहीं लेते।'

आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए मेटा की याचिका में दावा किया गया कि सीसीपीए ने इस 'अमान्य' आधार पर कार्रवाई करके अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया कि फेसबुक मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स के लिए कानूनी ढांचे के अधीन और उसके द्वारा शासित है।

### ये था सीसीपीए का आदेश

सीसीपीए ने एक जनवरी 2026 को पारित अपने आदेश में कहा था कि मेटा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उसके नियमों एवं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों का उल्लंघन किया है, क्योंकि उसने फेसबुक मार्केटप्लेस पर वॉकी-टॉकी को बिना अनिवार्य खुलासों के सूचीबद्ध होने दिया।

## शेयर हेरफेर: 8 संस्थाओं पर 2.8 करोड़ जुर्माना पांच साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेट्रो ग्रीन रिवोल्यूशन लिमिटेड (आरजीआरएल) के शेयर मूल्य में हेरफेर करने के मामले में 18 संस्थाओं पर कुल 2.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और उन्हें पांच वर्ष तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। बाजार नियामक सेबी ने इसके अलावा इनमें से 15 संस्थाओं को 2.94 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को 31 दिसंबर 2021 से भुगतान की तिथि तक 12% वार्षिक ब्याज सहित वापस जमा कराने का निर्देश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर सेबी के निवेशक संरक्षण एवं शिक्षा कोष में जमा करानी होगी।

नियामक ने मंगलवार को पारित अपने 61 पृष्ठ के आदेश में कहा कि ये संस्थाएं आरजीआरएल के कम नकदी वाले शेयर के मूल्य को कृत्रिम रूप से बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने की पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा थीं। सेबी ने पाया कि साजिश में आपस में जुड़े संगठनों के बीच ट्रेडिंग करना शामिल था जिसका उद्देश्य कम शेयर में कृत्रिम मात्रा उत्पन्न करना था।

# शेयर बाजार गुलजार: सेंसेक्स 633 अंक चढ़ा, निफ्टी 23700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**



- **कच्चे तेल में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान से लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में रही तेजी**

कच्चे तेल की कीमतों में हल्की नरमी और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुझान के बीच, शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार तीसरे दिन उनकी बढ़त जारी रही। आईटी शेयरों में तेजी के कारण घरेलू बाजारों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला।बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी पांच प्रतिशत और जापान का निक्की 2.87 प्रतिशत मजबूत हुए। चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,225.32 करोड़ के शेयर खरीदे।

## नए वित्तीय वर्ष में नए नियम

# पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू

सरकार ने पैन कार्ड यानि स्थायी खाता संख्या के आवेदन प्रक्रिया में बड़े बदलाव की घोषणा की है। नए नियम पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगे, जिसके बाद केवल आधार कार्ड के आधार पर पैन कार्ड के लिए आवेदन नहीं हो सकेगा। सरकार समर्थित कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी।

बताया कि फिलहाल 31 मार्च 2026 तक नागरिक केवल आधार के जरिए पैन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद नए नियम अनिवार्य हो जाएंगे और उसी के अनुसार पैन के लिए आवेदन किया जा सकेगा।




**सिर्फ आधार से नहीं बनेगा पैन कार्ड**

### इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

- जन्म प्रमाण पत्र
- वोटर आईडी
- मैट्रिक प्रमाण पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- शपथ पत्र (अफिडेविट)
- अन्य सरकारी दस्तावेज

### ये होंगे बदलाव

- एक अप्रैल 2026 के बाद केवल आधार से पैन आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
- आवेदन के साथ जन्मतिथि का प्रमाण देना जरूरी होगा।
- नए पैन आवेदन फॉर्म लागू होंगे, पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे।
- पैन कार्ड में दर्ज नाम को आधार के अनुसार ही रखा जाएगा।

### फर्जी ईमेल से सावधान रहने की चेतावनी

लोगों को साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए सरकार ने चेतावनी दी है कि 'ई-पैन डाउनलोड' के नाम पर फर्जी ईमेल और मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे किसी भी लिंक, कॉल या मैसेज पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा न करें। पैन कार्ड वित्तीय और बैंकिंग लेन-देन के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जबकि आधार 12 अंकों की एक यूनिक पहचान संख्या है, जिसे यूआईडीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

### सरकार की अपील

- सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च 2026 से पहले अपने पैन से जुड़े काम पूरे कर लें, ताकि बाद में अतिरिक्त दस्तावेजों की जरूरत से बचा जा सके।

### इन पोर्टल्स के जरिए कर सकते हैं आवेदन

- इनकम टैक्स विभाग का ई-फाइलिंग पोर्टल
- प्रोटियन (पूर्व में NSDL eGov)
- यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL)

### अमेजन पर 'रेडी टू ईट' उत्पादों की बिक्री बढ़ी

**नयी दिल्ली।** एलपीजी आपूर्ति में व्यवधान के बीच ई-कॉमर्स मंच अमेजन पर तत्काल उपयोग के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अमेजन इंडिया ने बुधवार को कहा कि एलपीजी संकट पैदा होने के बाद इंस्टेंट नूडल्स, डिब्बाबंद खाना, स्नैक्स और पेय पदार्थ जैसी श्रेणियों की बिक्री में खासी बढ़ोतरी देखी गई है। यह मांग केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई के साथ सोनीपत और पणजी जैसे छोटे शहरों में भी देखी जा रही है।

**एक्शन** | गलत तरीके से बेची थी पॉलिसी, अब 25 हजार ग्राम पंचायतों को मिलेगा 100 प्रतिशत बीमा कवर

# रिलायंस, एसबीआई सहित 5 बीमा कंपनियों पर 8 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गलत तरीके से पॉलिसी बेचने और नियमों के उल्लंघनपर रिलायंस जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी पांच बड़ी कंपनियों पर करीब आठ करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही, इंश्योरेंस मार्केट का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार अब 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाने की तैयारी कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में कहा है कि बीमा कंपनियों की किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इंश्योरेंस रेगुलेटर (आईआरडीएआई) ऐसी कंपनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। सीतारमण ने उन गड़बड़ियों की सूची भी बताई जिन पर सरकार की पैनी नजर है-

**बिना सहमति बीमा:** अगर ग्राहक की मर्जी के बिना पॉलिसी थमाई गई, तो जुर्माना लगेगा।

**गलत जानकारी और क्लेम में देरी:** पॉलिसी बेचते समय फीचर्स छिपाना या गुमराह करने वाले दावे करना। साथ ही परिपक्वता यानी मैच्योरिटी क्लेम के निपटारे में देरी या ब्याज न देना भी जांच के दायरे में आएगा।




### 25 हजार गांवों पर फोकस

अब सरकार बीमा (इंश्योरेंस) को देश के दूर-दराज के गांवों तक पहुँचाने के लिए एक नया तरीका अपना रही है। इंश्योरेंस रेगुलेटर आईआरडीए के नए नियमों के अनुसार अब इंश्योरेंस की पहुंच को 'ग्राम पंचायत' के आधार पर मापा जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार 25,000 ग्राम पंचायतों को खास तौर पर चुना गया है, जहां बीमा का दायरा बढ़ाया जाएगा। सरकार का वास्तविक उद्देश्य है कि गांव-गांव और समाज के हर वर्ग तक 100% बीमा की सुविधा पहुंच सके।

**प्रीमियम का गलत आवंटन:** अगर प्रीमियम के पैसों का हिसाब सही नहीं रखा गया, तो रेगुलेटर एक्शन लेगा।

### 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने

वित्त मंत्री ने देश में स्वास्थ्य बीमा की स्थिति पर लिखित डेटा भी पेश किया। बताया कि 28 फरवरी 2026 तक देशभर में 43.52 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं। बताया कि 2.51 करोड़ व्यक्तिगत पॉलिसियों के जरिए करीब 6 करोड़ लोग कवर हैं। साथ ही 13.05 लाख ग्रुप पॉलिसियों के तहत 27.51 करोड़ सदस्यों को सुरक्षा मिली हुई है। ईएसआईसी में 14.91 करोड़ लाभार्थी और सीजीएचएस में करीब 43 लाख (पेंशनर्स सहित) लोग कवर हैं।

### किस पर कितना जुर्माना

| वित्त वर्ष 2023-24 | जुर्माना |
|---|---|
| रिलायंस जनरल इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| बजाज फाइनेंस | 2 करोड़ |
| एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस | 2 करोड़ |
| एसबीआई लाइफ | एक करोड़ |
| रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस | एक करोड़ |

### सीधे कर सकते हैं शिकायत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जनता से अपील की कि अगर कोई बीमा कंपनी नियमों का पालन नहीं करती या परेशान करती है, तो चुप न बैठें। लोग सीधे आईआरडीएआई से संपर्क कर सकते हैं या सरकारी शिकायत पोर्टल CPGRAMS का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रेगुलेटर सिस्टेमैटिक तरीके से हर शिकायत की जांच करता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर. जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग

**लंदन, एजेंसी**

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।


स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।



## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

## अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदू

- बिल्डिंग बॉयलाज का उल्लंघन : हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग इमारत में ही फंस गए और कई लोग काल के गाल में समा गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया।
- निकासी मार्ग का अभाव :इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना।
- अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड–डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : ब्रिटेन यानी यूनाइटेड किंगडम में 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन किए जाने पर जेल भेजने का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय



प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।

# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

## ऊर्जा संकटः यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

## म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।
- **वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।
- **मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।
- **कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।
- **सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।
- **कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।
- **तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।
- **वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।
- **धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।
- **मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।
- **कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।
- **मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– चैत्र, पक्ष– कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**– दक्षिण, **ऋतु**– वसंत।
**चन्द्रबल**– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**– उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

## अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**साक्षात्कार**

**ईरानी विदेशमंत्री बोले–नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम**

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका–इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, गुरुवार, 19 मार्च 2026


## पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु



गुरुग्राम, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

**• पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4–1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2–1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष–20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष –10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष–20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष–10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

### मंधाना ने 2025 विश्व कप जीत का श्रेय टीम की तैयारी को दिया

**नई दिल्ली।** स्टार क्रिकेटर स्मृति मंधाना ने बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स में 'सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला)' का खिताब जीतकर अपने शानदार सीजन का समापन किया। उन्होंने विश्वकप जीत का श्रेय टीम की मेहनत और तैयारी को दिया। यह साल मंधाना के लिए निजी उपलब्धियों और वैश्विक मंच पर भारत की जीत, दोनों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। उन्होंने व्यक्तिगत सम्मानों के बजाय टीम की सामूहिक सफलता को अधिक महत्व दिया। बीसीसीआई के एक वीडियो में मंधाना ने कहा यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा, क्योंकि मैं टीम के लिए जो कुछ भी कर सकती थी, मैंने किया।

## सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

### आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।



कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### चक्रवर्ती और नारायण को ईडन गार्डन्स में अनुकूल पिच मिलनी चाहिए : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा है कि वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में भले ही कुछ खास नहीं रहा हो लेकिन 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह भारतीय रहस्यमयी स्पिनर बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस टूर्नामेंट से संन्यास लेने से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने वाले डु प्लेसी ने से कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच सुनील नारायण और चक्रवर्ती की गेंदबाजी के अनुकूल होनी चाहिए। डु प्लेसी ने कहा अगर मैं केकेआर टीम प्रबंधन का हिस्सा होता तो मैं ईडन गार्डन्स के मैदानकर्मियों से कहता कि पिच को स्पिन के अनुकूल बनाया जाए। केकेआर खुशकिस्मत है कि उसके पास चक्रवर्ती और नारायण जैसे दो शानदार गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा ये दोनों इस समय टी20 क्रिकेट के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से हैं। वरुण और नारायण, दोनों का प्रदर्शन असरदार होना जरूरी है। अगर वे ऐसी पिचों पर खेलते हैं जहां वे अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाते तो आप अपने इन दो सबसे बड़े हथियारों और अपनी सबसे बड़ी ताकत को खो देंगे।

### पोंटिंग ने यानसेन के देर से टीम से जुड़ने की दी छूट

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने आईपीएल के लिए मार्को यानसेन के देर से आने को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि यह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर उन खिलाड़ियों के आखिरी समूह में शामिल था जो टी20 विश्व कप के बाद 'लॉजिस्टिक्स' से जुड़ी दिक्कतों के कारण भारत से देर से रवाना हुए थे। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ी विश्व कप में अपना सफर खत्म होने के बाद एक हफ्ते से अधिक समय तक भारत में ही फंसे रहे थे। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर सहित कुछ खिलाड़ियों ने भारत से रवाना होने में देरी पर नाराजगी भी जाहिर की थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। एजेंसी



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। एजेंसी

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

## भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में


नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

**हॉकी विश्व कप** | नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

## भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

एम्स्टर्डम, एजेंसी

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की भी संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल D में है।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व दक्षिण अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।